रविवार, 2 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 32 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 5:41 | सूर्यास्त: 16:59 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




भारतीय टीम से अपने तीसरे फाइनल में खिताबी सूखे को खत्म करने की आस पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : सहयोग वो अनमोल उपहार है जो देने और लेने दोनों में अच्छा लगता है।

# एसआईआर के विरोध में सड़क पर उतरेंगे ममता–अभिषेक

## मंगलवार को तृणमूल का विरोध मार्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की प्रक्रिया आगामी मंगलवार से शुरू हो रही है। उसी दिन से बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म भरने का कार्य शुरू करेंगे। इसी बीच, तृणमूल कांग्रेस ने उसी दिन कोलकाता में बड़े विरोध मार्च की घोषणा की है, जिसमें पार्टी की मुखिया ममता बनर्जी और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की दोपहर 1:30 बजे रेड रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने कोलकाता और आसपास के जिलों से तृणमूल कार्यकर्ताओं को जुटने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद, 2.30 बजे से मार्च की शुरुआत होगी, जो जोरासांको ठाकुरबाड़ी, यानी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के घर तक जाएगी। मार्च की शुरुआत और समापन स्थल से साफ है कि एसआईआर को लेकर अपनी आपत्ति जताते हुए तृणमूल



संवैधानिक मूल्यों और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को साथ जोड़कर संदेश देना चाहती है। अभिषेक बनर्जी की योजना मूल रूप से दो नवंबर को कोलकाता में केंद्र विरोधी सभा करने की थी, लेकिन उसी दिन शहीद मीनार परिसर में अन्य कार्यक्रम होने के कारण अनुमति नहीं मिल पाई। अब नवंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में वह सभा आयोजित करने की तैयारी है, हालांकि तारीख अभी तय नहीं है। लेकिन एसआईआर के पहले दिन को राजनीतिक तौर पर नहीं गंवाना चाहती तृणमूल, इसलिए उसी दिन नेतृत्व ने सड़क पर उतरने का फैसला किया है।

## महिला वनडे विश्व कप 2025



**प्रयागराज :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला विश्व कप फाइनल की पूर्व संध्या पर प्रशंसक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पोस्टर लेकर जीत की प्रार्थना करते हुए।









## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 नवम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष एकादशी, 07:30 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 16:49 तक, योग : व्याघात, 23:01 तक, सूर्योदय: 05:41, सूर्यास्त: 16:59, चन्द्रोदय : 14:35, चन्द्रास्त: 02:01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 15:31 से 16:54

## साप्ताहिक : राशिफल
## 02-11-25 से 08-11-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी और समझदारी से की गई योजना आपके भविष्य को सुरक्षित बना सकती है। करियर में बदलावों के साथ खुद को ढालने की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन ये बदलाव आपके विकास के नए रास्ते खोलेंगे। परिवार में बातचीत के दौरान धैर्य की आवश्यकता होगी। संपत्ति से जुड़े मामले आगे बढ़ सकते हैं। पढ़ाई में दोहराव से याददाश्त बेहतर होगी, जबकि पानी और सहनशक्ति पर ध्यान देने से सेहत मजबूत रहेगी। छोटे प्रयास बड़े परिणाम दे सकते हैं। यात्रा की योजनाएं आपके सप्ताह की शुरुआत को उत्साहित बना सकती हैं, जिससे नई सोच और ताजगी मिलेगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** खर्चों को संतुलित रखने के लिए बजट बनाना जरूरी रहेगा। प्रेम संबंधों में सच्ची बातचीत से स्थिरता आएगी। अचानक की गई यात्रा मन को तरोताजा कर सकती है। संपत्ति या कानूनी मामलों में सकारात्मक प्रगति होगी। पढ़ाई में एकाग्रता बनी रहेगी और संतुलित खानपान से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धीरे-धीरे किया गया प्रयास भी सार्थक होगा। परिवार के साथ बिताया समय सुकून देगा और रिश्तों में अपनापन बढ़ाएगा। काम के क्षेत्र में मेहनत और लगन से आपको सम्मान और विश्वास मिलेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** सोच-समझकर की गई आर्थिक योजना से भविष्य सुरक्षित होगा। परिवार का स्नेह और प्रेम जीवन में स्थिरता लाएगा। यात्रा में थोड़ी देरी हो सकती है, इसलिए धैर्य रखें। संपत्ति से जुड़ा कोई मामला आगे बढ़ सकता है। व्यायाम और नियमित दिनचर्या से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बदलाव को अपनाएं, यह नए अवसर लाएगा। पढ़ाई पर ध्यान बढ़ेगा और समझ गहरी होगी। काम में बदलते हालातों से खुद को ढालने की क्षमता काम आएगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** काम में धैर्य बनाए रखना फायदेमंद रहेगा। परिवार में अपनापन और समझ रिश्तों को मजबूत करेंगे। प्रेम में स्नेहपूर्ण व्यवहार से नजदीकी बढ़ेगी। छोटी यात्रा या धार्मिक यात्रा मानसिक शांति दे सकती है। पढ़ाई में निरंतरता और कल्पनाशीलता से अच्छे परिणाम मिलेंगे। हर्बल उपचार और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर ध्यान दें। धीरे-धीरे बढ़ता कदम भी मजबूत नींव बनाता है। संपत्ति से जुड़े मामलों में रखरखाव या सुधार की जरूरत पड़ सकती है। खर्चों में थोड़ी सावधानी जरूरी होगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** संपत्ति से जुड़े मामलों में धैर्य रखें। पढ़ाई में मेहनत से अच्छे परिणाम मिलेंगे। सही आसन और पौष्टिकता पर ध्यान से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। खुला मन रखें, नए मौके मिल सकते हैं। काम में साहसिक सोच और दृढ़ संकल्प से सफलता के करीब पहुंचेंगे। समझदारी से लिए गए निर्णय आर्थिक स्थिति बेहतर बनाएंगे। परिवार में समझदारी और संवाद से तालमेल बना रहेगा। प्रेम जीवन में रोमांच बढ़ सकता है। यात्रा से दृष्टिकोण विस्तृत होगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** आय में वृद्धि से भविष्य की योजनाएं मजबूत होंगी। काम में निरंतर मेहनत से मान-सम्मान मिलेगा। परिवार का प्यार आपको भावनात्मक स्थिरता देगा। प्रेम जीवन थोड़ा शांत रहेगा। रोजमर्रा की यात्राएं आरामदायक रहेंगी। पढ़ाई में अभिव्यक्ति बेहतर होगी। मीठा कम खाने और पाचन का ध्यान रखने से सेहत बेहतर रहेगी। जो आदतें अब अपनाएंगे, उनका असर लंबे समय तक रहेगा। संपत्ति से जुड़ी योजनाएं शुभ संकेत दे रही हैं।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** काम पर सहयोग में धैर्य जरूरी रहेगा, जिससे अच्छे नतीजे मिलेंगे। आर्थिक मामलों की समीक्षा से स्थिति सुधर सकती है। परिवार का प्यार मन को सुकून देगा और रिश्तों में गहराई आएगी। छोटी यात्राएं जीवन में ताजगी लाएंगी। संपत्ति से जुड़ी बातों में स्पष्टता जरूरी है। पढ़ाई में ध्यान भटक सकता है, पर अनुशासन से नियंत्रण रहेगा। ध्यान और हार्मोन संतुलन से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। हर ठहराव कुछ नया सिखा सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** कार्यक्षेत्र में आपकी विशेषज्ञता सफलता के अवसर दिलाएगी। पारिवारिक वातावरण में धैर्य और समझ जरूरी रहेगी। छोटी यात्राओं के दौरान सावधानी बरतें। संपत्ति से जुड़े मामलों में थोड़ी देरी हो सकती है, संयम रखें। पढ़ाई में जिज्ञासा और ध्यान बढ़ेगा। पर्याप्त नींद और तनाव नियंत्रण सेहत को बेहतर बनाएंगे। आपकी लगन रुकावटों को उपलब्धियों में बदल सकती है। प्रेम जीवन में अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक स्थिरता आपके लक्ष्यों को मजबूत दिशा देगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** काम में आपकी मेहनत से प्रदर्शन बेहतर होगा। परिवार में शांति और कृतज्ञता बढ़ेगी, जबकि रिश्तों में थोड़ी नजदीकी की जरूरत होगी। संपत्ति खरीद या सुधार से संबंधित कार्य पूरे हो सकते हैं। पढ़ाई में निरंतरता से अच्छे परिणाम मिलेंगे। सुबह की सैर और सांस संबंधी अभ्यास से स्वास्थ्य लाभ होगा। स्पष्ट बातचीत समस्याओं को हल करेगी। कहीं प्राकृतिक स्थान की यात्रा मन और मनोबल को ताजगी दे सकती है। निवेश या लाभ से आर्थिक मजबूती मिलेगी।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** अनुशासन से काम में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में शांति बनी रहेगी, जबकि प्रेम जीवन में अपनापन बढ़ाने की आवश्यकता है। छोटी यात्रा आपके दृष्टिकोण को विस्तृत करेगी। संपत्ति से जुड़ी डील्स स्थिरता का संकेत देती हैं। संतुलित आहार और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए विचार और संबंध नई राहें खोल सकते हैं। पढ़ाई में मेहनत और सही योजना से सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति की समीक्षा कर भविष्य की तैयारी करना लाभदायक रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** संपत्ति के मामले संतुलित रहेंगे पर धैर्य जरूरी है। पढ़ाई में ध्यान और अनुशासन से सफलता मिलेगी। ज्यादा कॉफी और स्क्रीन टाइम कम करने से सेहत बेहतर रहेगी। लगातार और सोच-समझकर किया गया प्रयास आपको लक्ष्य तक पहुंचाएगा। परिवारिक मामलों में समझदारी और समझौता जरूरी रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार से आत्मविश्वास बढ़ेगा। टीमवर्क से काम में प्रगति होगी। प्रेम जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। यात्रा से नए अवसर मिल सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** आय में बढ़ोतरी से भविष्य सुरक्षित रहेगा। काम में सफलता और सम्मान मिलने की संभावना है। परिवार में शांति और संतुलन बना रहेगा, और रिश्ते और गहरे होंगे। यात्रा आरामदायक साबित होगी। संपत्ति के मामलों में देरी हो सकती है, इसलिए सावधानी रखें। पढ़ाई में रचनात्मकता और समझ बढ़ेगी। निरंतर मेहनत से मजबूत नींव बनेगी। मानसिक तनाव को दूर करने और सही खानपान पर ध्यान देने से स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# दलहन आत्मनिर्भरता मिशन: किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में देश का बड़ा प्रयास



**डॉ. देवेश चतुर्वेदी, सचिव और श्री संजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव,**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार**

दलहन, भारत की खाद्य और कृषि परंपराओं का एक अभिन्न अंग हैं, जो नागरिकों की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ करोड़ों किसानों को आजीविका भी प्रदान करती हैं। दलहन, स्वास्थ्यप्रद होने के साथ-साथ प्रोटीन का भी एक प्रमुख स्रोत हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिनांक 11 अक्टूबर, 2025 को वर्ष 2030-31 तक दलहन आत्मनिर्भरता में वृद्धि करने हेतु 11,440 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री जी ने कहा, दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का उद्देश्य न सिर्फ दाल उत्पादन में वृद्धि करना है, अपितु पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है।

मिशन का उद्देश्य, उच्च उपज वाले बीजों और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ-साथ दलहन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए पोषण सुरक्षा प्राप्त करने पर केन्द्रित है।

**दलहन उत्पादन की चुनौतियाँ**

भारत में फसल वर्ष 2014-2016 के दौरान दलहन उत्पादन कम हुआ, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप, दलहन उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

यद्यपि घरेलू दलहन उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है फिर भी दलहन की खपत आपूर्ति से अधिक बनी हुई है, जिसके फलस्वरूप समय-समय पर दालों के आयात की आवश्यकता पड़ती है। लंबे समय से आ रही आयात की चुनौतियों को दूर करने हेतु दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है।

अधिकांशतः वर्षा सिंचित दलहन फसलें अनियमित वर्षा और सूखा, दोनों ही स्थितियों से प्रभावित होती हैं। मौसम संबंधी अनिश्चितताओं के अलावा, कीटों और रोगों का खतरा तथा उन्नत बीजों की सीमित उपलब्धता के कारण कम उत्पादकता भी दलहन के उत्पादन को प्रभावित करती है।

दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में पाँच वर्षों की लक्षित अवधि के भीतर भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने की अपार क्षमता है। इस मिशन का उद्देश्य उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि करके इन चुनौतियों का सामना करना है इसमें दलहन की खेती किसानों के लिए अधिक लाभदायक और विश्वशनीय बनेगी साथ ही साथ राष्ट्र के लिए एक स्थाई और प्रोटीन युक्त खाद्य स्रोत सुनिश्चित होगा।

दलहन में आत्मनिर्भरता हेतु रणनीति

दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, बीज से लेकर बाजार तक, एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए इस अंतर को कम करने का प्रयास करता है, जिससे अंततः उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह मिशन, प्रभावी कार्यान्वयन और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों की अधिक भागीदारी के साथ एक क्लस्टर-आधारित कार्यनीति का पालन करेगा। लक्षित उपायों के साथ क्षेत्र और उपज क्षमता के आधार पर फसल विशिष्ट क्लस्टर विकसित किये जाएंगे।

इस मिशन के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह जैसे संस्थानों की मदद से अधिक उपज वाले, जलवायु-सहिष्णु और उच्च तापमान प्रतिरोधी बीज विकसित किए जाएंगे। यह मिशन, एक प्रभावी बीज श्रृंखला के माध्यम से अधिक उपज देने वाली किस्म के बीजों के उत्पादन और वितरण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इससे गुणवत्तापूर्ण ब्रीडर, फाउंडेशन और प्रमाणित बीजों की किसानों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विभागों द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों से अवगत कराया जाएगा। लक्षित चावल परती भूमि में संभावित विस्तार, फसल विविधीकरण और अंतर-फसली के जरिए दलहन की खेती के अंतर्गत क्षेत्र विस्तार में सहायता मिलेगी।

**आत्मनिर्भर दलहन की दिशा में सशक्त पहल**

फसलोपरांत नुकसान को कम करने और किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में सहायता हेतु देशभर में 1000 प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जाएँगी। आगामी चार वर्षों तक सभी पंजीकृत और इच्छुक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। आशा है कि इन प्रयासों से किसानों में विश्वास बढ़ेगा, कीमतों में स्थिरता आएगी और सतत आय सुनिश्चित होगी। ऐसे सकारात्मक प्रयास, अधिक से अधिक किसानों को दलहन की खेती करने तथा क्षेत्र विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित कर, दलहन की खेती में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं। यह मिशन अधिक उत्पादन और उचित मुनाफा सुनिश्चित कर, दलहन की खेती करने वाले किसानों में विश्वास जागृत करेगा और देश के प्रोटीन-आधार को सुदृढ़ बनाएगा।

इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक, दलहन की खेती के क्षेत्रफल को वर्ष 2023-24 में 275 लाख हेक्टेयर के मुकाबले बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना और उत्पादन को 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करना तथा दलहन उत्पादकता के स्तर को 881 किग्रा/हेक्टेयर से बढ़ाकर 1130 किग्रा/हेक्टेयर करना है। इस मिशन से सीधे तौर पर लगभग 2 करोड़ किसानों को सीधे लाभान्वित होने की आशा है।

उत्पादन लक्ष्यों से परे, इस मिशन में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सतत और जलवायु-अनुकूल कृषि को अपनाने की परिकल्पना की गई है, जिससे जल संरक्षण होगा और नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य समृद्ध होगा तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी।

**खेत-खलिहानों में हरियाली, भविष्य में खुशहाली**

सरकार का लक्ष्य, इस मिशन को सूक्ष्म सिंचाई, मशीनीकरण, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी तत्कालीन योजनाओं से जोड़कर, दीर्घकालिक स्थिरता के लिए सहक्रिया और संयोजन को बनाना है। इसके अतिरिक्त, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और संपूर्ण दलहन मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने में सहायता की जाएगी।

यह मिशन, भारत के विज़न 2047 के अनुरूप है, जो खाद्य-सुरक्षा, सतत और आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र की परिकल्पना करता है। किसानों को बेहतर बीज, सुनिश्चित बाज़ार और आधुनिक तकनीक प्रदान कर, सरकार एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है, जो किसान और मिट्टी दोनों को महत्व देती है।

जैसे-जैसे भारत दलहन में आत्मनिर्भरता के निकट पहुँच रहा है, यह मिशन खाद्य और पोषण सुरक्षा की दिशा में देश की यात्रा का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। अंततः दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन फसलों में निवेश से कहीं अधिक है, यह आत्मविश्वास में निवेश है: किसानों का आत्मविश्वास जो अब इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि उनकी उपज का मूल्य और भविष्य दोनों सुरक्षित हैं।

## बंगाल की खबरें

# डेंगू नियंत्रण पर राज्य सरकार खर्च करेगी 750 करोड़ रुपये

**कोलकाता :** डेंगू जैसी मच्छरजनित घातक बीमारी को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस वित्त वर्ष में लगभग 750 करोड़ रुपये डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण पर खर्च किए जाएंगे।




सूत्रों के अनुसार, राज्यभर में लगभग एक लाख स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से डेंगू नियंत्रण अभियान में लगे हुए हैं। सरकार की ओर से बताया गया है कि गांव से लेकर शहर तक डेंगू के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी रोजाना घर-घर जाकर लार्वा नष्ट करने, पानी जमा न रहने देने और लोगों को सतर्क करने का काम कर रहे हैं। वहीं, मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाने के लिए नगरपालिका और पंचायत स्तर पर विशेष निगरानी दल बनाए गए हैं।वर्तमान में राज्य के 400 से अधिक सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गंभीर मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्पेशल मेडिकल रिस्पॉन्स टीम भी गठित की है ताकि समय पर इलाज सुनिश्चित हो सके। डेंगू से पीड़ित और रक्ताल्पता (एनीमिया) से जूझ रहे मरीजों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। राज्य के 89 सरकारी ब्लड बैंकों में पर्याप्त प्लेटलेट्स का भंडार रखा गया है। जरूरत पड़ने पर नजदीकी जिलों से भी प्लेटलेट्स की आपूर्ति की जाएगी।

राज्य के प्रत्येक जिले में विशेष नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किए गए हैं, जहां डेंगू संक्रमण की स्थिति और आंकड़ों पर नियमित नजर रखी जा रही है।

इसके अलावा, बारिश का पानी जमा न हो, इसके लिए नगरपालिका और पंचायतों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक डेंगू संक्रमण पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पा लिया जाता।

# नबान्न ने तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी

**कोलकाता :** राज्य सरकार नबान्न ने तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को उनके मौजूदा पदों के साथ अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य सचिवालय से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, ये नियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। सूचना के अनुसार 2005 बैच के आईएएस शुभांजन दास को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव के रूप में जारी कार्यभार के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

2006 बैच के आईएएस पी. उलगनाथन को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अंतर्गत आने वाले पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रॉनिक ट्रेजरी सिस्टम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त 2012 बैच के आईएएस शाकिल अहमद को अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ विशेष सचिव के पद के अलावा भूमि अभिलेख एवं सर्वेक्षण निदेशालय के वरिष्ठ विशेष सचिव का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है।

राज्य सचिवालय ने बताया कि इन आदेशों का उद्देश्य सरकारी कार्यों में समन्वय बढ़ाना और संबंधित विभागीय गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कराना है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि वे दिए गए अतिरिक्त दायित्व कुशलतापूर्वक निभा सकें।

# सोने और संपत्ति के लालच में बुआ सास की हत्या, मध्यमग्राम ट्रॉली मामले में मां और बेटी दोषी

❑ **कल बारासात कोर्ट सुनाएगी फैसला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोने और संपत्ति का लालच बुआ सास सुमिता घोष के लिए मौत की घंटी बन गया। बारासात के सातवें अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को मध्यमग्राम ट्रॉली मामले में आरोपी मां-बेटी आरती घोष और फाल्गुनी घोष को दोषी ठहराया। पूरा मुकदमा आठ महीने के भीतर पूरा किया गया। न्यायाधीश प्रज्ञागरगी भट्टाचार्य (हुसैन) कल मामले में सजा सुनाएंगे। बता दें कि यह वीभत्स घटना इसी साल फरवरी में सामने आई थी। जांच में पता चला कि सुमिता घोष तलाक के बाद असम में अपने भाई के घर रह रही थी। फाल्गुनी घोष की शादी उसके भतीजे, सुमिता के भाई के बेटे से हुई थी। लेकिन जैसे ही परिवार में तंगी आने लगी, फाल्गुनी अपनी मां आरती घोष के पास लौट आई। दोनों मध्यमग्राम के दक्षिण बिरेशपल्ली में किराए के मकान में रहते थे। 11 फरवरी को, सुमिता ने फाल्गुनी के बुलावे पर असम से कोलकाता में अपनी बहन शिप्रा घोष के घर आ गई। दो दिन बाद, वे तीनों बर्दवान के समुद्रगढ़ में उसके पूर्व पति से मिलने गईं। लेकिन 23 फ़रवरी को लौटने के बाद, एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई। जांच में पता चला कि सुमिता से बहस के दौरान, फाल्गुनी ने उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया। जब सुमिता ज़मीन पर गिर गई, तो उसने और उसकी मां आरती ने उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद, उन्होंने किसी नुकीली वस्तु से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इतना ही नहीं, दोनों ने मृतका के शरीर से सोने के गहने भी निकाल लिए। बाद में, उन्हें बेचकर लगभग 2.59 लाख रुपये प्राप्त किए। फाल्गुनी ने उन पैसों से नए गहने भी खरीदे। 24 फ़रवरी को, शव को घर पर छोड़कर, मां और बेटी बड़ाबाजार गईं और एक ट्रॉली खरीदी। उसी दिन, फाल्गुनी ने बड़ाबाजार की एक सोने की दुकान से 1.63 लाख रुपये के गहने मंगवाए। बिल मृतका सुमिता के नाम पर था, और उसने 50,000 रुपये ऑनलाइन भी भेजे। घर लौटने के बाद, उन्होंने शव के पैरों को हथौड़े से तोड़ दिया और उसे एक ट्रॉली में दफना दिया। 25 फरवरी की सुबह, वे ट्रॉली को टैक्सी से कोलकाता के कुम्हारटोली घाट ले गए। लेकिन स्थानीय लोगों के संदेह के कारण, मां और बेटी को शव को गंगा में फेंकने से पहले ही पकड़ लिया गया। नॉर्थ पोर्ट थाने ने मौके पर ही ट्रॉली के अंदर से सुमिता घोष का शव बरामद किया। बाद में, मध्यमग्राम थाने ने जांच अपने हाथ में ले ली। पुलिस ने घटना के पुनर्निर्माण, फोरेंसिक रिपोर्ट, टैक्सी और वैन चालकों के बयान और सोने की दुकान के मालिकों से पूछताछ के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया। कुल 32 गवाहों के बयान सुनने के बाद, फाल्गुनी और आरती को भारतीय दंड संहिता की धारा 103(1) और 238 के तहत दोषी ठहराया गया।



**कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने मोहन बागान ग्राउंड में पुलिस कप का उद्घाटन किया।**

# ग्रुप सी और ग्रुप डी में 'अयोग्य' उम्मीदवारों की सूची जारी करेगा स्कूल सर्विस कमीशन

**कोलकाता :** शिक्षकों के बाद अब ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों पर भी 'अयोग्य' (टेंटेड) उम्मीदवारों की सूची जारी करने जा रहा है स्कूल सर्विस कमीशन। आयोग ने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता बनाए रखने और भविष्य में किसी विवाद से बचने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, ग्रुप डी में लगभग 2300 और ग्रुप सी में करीब 1100 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया है। ये वही नाम हैं जो आयोग की ओर से अदालत में प्रस्तुत सूची में शामिल थे। जानकारी के मुताबिक, ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया आगामी 3 नवंबर से शुरू होगी। उससे पहले ही आयोग अयोग्य उम्मीदवारों की पूरी सूची सार्वजनिक करेगा। आयोग का कहना है कि शिक्षक भर्ती में अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई थी, उसी तरह अब अन्य श्रेणियों में भी पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अनुसार, यह कदम नियुक्ति प्रक्रिया में निष्पक्षता और जनविश्वास बहाल करने के लिए उठाया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3251

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | 10 | | ■ | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| 17 | | | 18 | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | |
| | ■ | 26 | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें:-* 2) खुद का, 3) कुनकुना, 6) ढिंढोरा, 7) न मेरा न उस का, 9) नवनीत, 10) यह नहीं, 12) उन्नति, 13) सर्वसहमत, 15) नाटक का खंड, 16) उपदेश, 17) कामदेव, 19) नगर, 22) संघटना, 23) थकान, 25) वज़ह से, 27) जल्दी करना, 28) नख़रीली.

*ऊपर से नीचे:-* 1) उछलकूद, 2) परिश्रमी, 3) अपराध, 4) जल की बड़ी प्राकृतिक धारा, 5) उपलक्ष्य में, 6) अपना वकील करनेवाला, 8) देशस्तरीय, 11) अचूक *(औषध)*, 14) जले पदार्थ का अवशेष, 15) क्षेत्र, 17) एक संख्या, 18) एक वाहन *(महाभारतकालीन)*, 19) प्रेत, 20) रोकना, 21) हैरान, 24) डंक मारना, 26) एक फल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हं | ता | ■ | ■ | त | नि | क | ■ | आ |
| सं | ■ | क | चू | म | र | ■ | म | ग़ | ज |
| भ | दं | त | ■ | क | ल | मा | ■ | ■ | क |
| व | ■ | व | त्स | र | ■ | फ़ि | ल | हा | ल |
| ■ | ह | र | ■ | ■ | त | क | ■ | ज़ | ■ |
| ज | ड़ | ■ | ज | ना | ब | ■ | दा | मा | द |
| ■ | कं | का | ल | ■ | क़ | स | म | ■ | बा |
| धू | प | ■ | पो | ■ | ■ | म | न | मा | ना |
| र्त | ■ | म | त | भि | न्न | ता | ■ | त्र | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3208

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | | | 9 | 8 | | | | |
| | | | | | | 3 | 4 | |
| 2 | | 3 | | | | | 9 | 8 |
| | | 6 | | | | | 2 | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | | | 7 | 2 | | 1 | 6 |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | | 1 | | 5 | | | | 9 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

●●●●

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3207 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 |

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। ॐ श्री श्याम देवाय नमः ।।
।। श्री हनुमंते नमः ।।

# श्री श्याम जन्मोत्सव



35 साल

SHREE SHYAM MANDIR ALAMBAZAR

Sci

सेवा-साधना
पत्रिकाओं में श्रेष्ठ, गुणवत्ता में श्रेष्ठ

LIVE

## आज रविवार (द्वादशी)
## बारस की धोक - भजनोत्सव
(ज्योत प्रातः 7.00 से 10.00 बजे)
भजन सायं 4.00 बजे से

मंदिर सारा दिन एवं रात 11 बजे तक खुला है।

**मन्दिर परिवार के ट्रस्टीगण**
श्री ओम जालान, श्री संजय सुरेका, श्री मुरारी लाल दीवान, श्री सुनील खेतान, श्री नवल रुंगटा, श्री प्रमोद धानुका, श्री श्रवण धानुका, श्री गणेश अग्रवाल, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री दशरथ अग्रवाल, गोविन्द मुरारी अग्रवाल

प्रो. सौगत राय, सांसद
सुश्री सायंतिका बनर्जी, विधायक
श्री दिनेश बजाज, पूर्व विधायक

**मंदिर के आधार स्तंभ**
श्यामलीन श्री भैरवदत्त जी खेतान
श्यामलीन श्री श्रीलाल जी अग्रवाल
श्यामलीन श्री विजयशंकर जी सुरेका

**दो दिवसीय कार्यक्रम संरक्षक**
समारोह चेयरमेन: श्री सीताराम मुकेश गोयल
समारोह अध्यक्ष: श्री राजीव जाजोदिया
विशिष्ट अतिथि: श्री संजय सराफ, श्री अनिल सराफ, श्री दीपक संघई, श्री विकास अग्रवाल
प्रधान अतिथि: श्री शंकर लाल कारीवाल
मेला संरक्षक: श्री नारायण अग्रवाल

**मुख्य अतिथि**
श्री बिरमप्रकाश सुल्तानिया, श्री विनोद बंसल, श्री अशोक मुसद्दी, श्री प्रकाश मुसद्दी, श्री नवल सुल्तानिया, श्री श्रीकान्त मुरारका, श्री निर्मल-संजय गोयल (OSL), श्री विनोद केडिया, श्री आशीष झुनझुनवाला, श्री प्रदीप संघई, श्री घनश्याम मनिहार, श्री अमर भरतिया, श्री विजय शंकर अग्रवाल, श्री सुरेश अग्रवाल (डनलप), श्रीमती-रीना-कार्तिक सोनकर, श्रीमती कुमुद-नीरज सिंह, श्री महेन्द्र गुप्ता, श्री रमेश खेतान, श्री नीरज गर्ग, श्री पवन काजड़िया, श्री के.के. सिंघानिया, श्री शिवकुमार लोहिया, श्री जुगल जाजोदिया, श्री अरुण खण्डेलिया, श्रीमती विद्यावती दिनोदिया, डॉ. सुरेश अग्रवाल, श्री रतनलाल अग्रवाल, श्री विश्वम्भर लाल सुरेका, श्री जे.पी. मुरारका, श्री गौतम खेतान, श्री अशोक माथोपुरिया, श्री रामनरेश अग्रवाल, श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री राजेश सिन्हा, श्री गोपाल जैन, श्री शंकर भावसिंहका, श्री महेश शर्मा, श्री सत्यनारायण देवरालिया, श्री सुशील चौधरी, श्री अजय कुमार (CO, 77 BN, BSF), डा. श्याम कृष्णन, श्री गजानन्द बिड़दीका, श्री संदीप गर्ग, श्री किशन किल्ला, श्री बिमल दीवान, श्री पवन-अंकुर गोयल

**सम्मानीय अतिथि**
श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल, श्री रामगोपाल बंसल, श्री सज्जन बंसल, श्री बजरंगलाल अग्रवाल, श्री दिनेश आड़ुकिया, श्री विवेक आड़ुकिया, श्री जुगल किशोर अग्रवाल, श्री घनश्याम अग्रवाल, श्री निर्मल अग्रवाल, श्री सुभाष मुरारका, श्री राजेश भिवानीवाला, श्री चण्डी प्रसाद अग्रवाल, श्री जयकिशोर गुप्ता, श्री अशोक-राहुल अग्रवाल, श्री राजकुमार शर्मा, श्री बाला बाबू, श्री रतन लाल अग्रवाल, श्री सुनील बंसल, श्री बिमल बेंगानी, श्री प्रदीप रुईया, श्री संजय तायल, श्री अनिल महनसरिया, श्री आदित्य दीवान, श्री भगवती प्रसाद सुरेका, श्री रामौतार किल्ला, श्री मनीष सिंघानिया, श्री अनिल अग्रवाल (किशनगंज), श्री प्रीतम जैन, श्री संतोष चौधरी

Shyam Computech 9831880860

**आमंत्रित कलाकार**
श्याम अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल (झरिया), अमोल-शुभम, राहुल कश्यप

**कम्बल वितरण समारोह**
रविवार, 17 दिसम्बर 2025
(सायं 5 बजे से)

निशान यात्राओं का शुभारम्भ
1 नवम्बर 2025 से 4 मार्च 2026 तक

**VALLET CAR PARKING**
बड़ा बगान मैदान
(आलमबाजार पोस्ट आफिस के बगल गली में)
(केवल 2 नवम्बर हेतु)

समारोह संयोजक : सर्वश्री गौतम नारसरिया, सुनील चौधरी, प्रकाश पोद्दार, कैलाश डालमिया, राजकुमार मुसद्दी, मुकेश-सुदेश गोयल (टोनी), दीपक अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, श्यामसुन्दर अग्रवाल, बिमल सदाका, सुरेन्द्र छापड़िया

## श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार

सभी भक्तों को सादर आमंत्रण
सम्पर्क : 98311 95501 / 98311 12051 / 98311 74704 / 93046 91052
अध्यक्ष राजपाल गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, प्रयागराज बंसल, कोषाध्यक्ष गोपाल जालान
सभी भक्तों को अभिनन्दन

मीडिया प्रभारी
सेवा-साधना
कोलकाता से प्रकाशित मासिक पत्रिका
किसी भी प्रकार के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के सीधे प्रसारण हेतु सम्पर्क करें- 93046 91052

BENGAL ENERGY
BENGAL ENERGY LIMITED

SKIPPER Limited

UltraMax 500
550D TMT BAR

UTKARSH PIPES & FITTINGS

SHREE MAHABIR STORES
170/1, MAHATMA GANDHI ROAD, KOLKATA-700007
Mobile : 6291097789
Manufacturer of all kinds of Garments

baazar
9 States | 200+ Stores

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः ।।



# श्रीमद्भागवत कथा



का दिव्य आयोजन होने जा रहा है।

## परम पूज्य भाईश्री रमेशभाई ओझा

इस अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे

**शुक्रवार, 7 नवम्बर से वृहस्पतिवार, 13 नवम्बर 2025 तक**
सायं 4:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे

**कांकुड़गाछी बड़ा पार्क, कोलकाता**

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

anand

**आयोजक**
स्थापित 1915
सेवा समर्पण
**श्री विशुद्धानन्द हॉस्पिटल**
35-37, बड़तल्ला स्ट्रीट, कोलकाता 700007
फोन: +91 89813 36800 / +91 33 4023 3030-60

**सहयोगी संस्थाएं**
मातृ मंगल प्रतिष्ठान, पूर्वांचल नागरिक समिति, केडिया सभा, महाराजा अग्रसेन दर्शन समिति, रतनगढ़ नागरिक परिषद, मैढ़ क्षत्रिय सभा, विप्र फाउंडेशन, माहेश्वरी भवन ट्रस्ट, बीकानेर, नागरिक स्वास्थ्य संघ, साल्ट लेक संस्कृति संसद, कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, नारायण रेकी सत्संग परिवार, कोलकाता, बांगुर एवेन्यू संसद, श्री जगन्नाथ स्वामी नूतन बाजार मंदिर, समर्पण ट्रस्ट

Live on | SITI bhakti | धर्म संदेश | Sandipani TV | Pujya Bhaishri Rameshbhai Oza | Sandipani.org

Media Partner
sanmarg NETWORK

## न्यूज ब्रीफ

### जियो-बीपी ने देश का पहला और सबसे बड़ा एकीकृत मोबिलिटी हब किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जियो-बीपी ने देवनहल्ली, बेंगलुरु में भारत का पहला और सबसे बड़ा एकीकृत मोबिलिटी हब लॉन्च किया है, जिसमें 28 चार्जिंग पॉइंट्स वाला अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग हब शामिल है। यह केंद्र भारत की सबसे बड़ी मल्टी-फ्यूल रिटेल साइट है, जहां फ्यूल, सीएनजी, ईवी चार्जिंग और कैफे अनुभव को एक साथ जोड़ा गया है। हब में सुपरफास्ट डीसी चार्जर्स लगे हैं, जो 360 किलोवॉट तक की चार्जिंग क्षमता प्रदान करते हैं। जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा कि यह हब भारत में एकीकृत और टिकाऊ मोबिलिटी के भविष्य का प्रतीक है। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित यह स्टेशन निजी और वाणिज्यिक ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए तेज, विश्वसनीय और सुविधाजनक चार्जिंग समाधान प्रदान करेगा। ग्राहक चार्जिंग के दौरान वाइल्डबीन कैफे में कॉफी और खरीदारी का आनंद ले सकेंगे।

### कोलकाता में सीनियर्स के लिए गंगा किनारे पहला प्रीमियम घर - 'प्रिमस गंगेस' लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** सृजन रियल्टी और प्रिमस लाइफस्पेसेज ने मिलकर बटानगर स्थित सृजन गंगा सिटी टाउनशिप में गंगा किनारे कोलकाता का पहला प्रीमियम सीनियर लिविंग प्रोजेक्ट 'प्रिमस गंगेस' लॉन्च किया है। यह प्रोजेक्ट बुजुर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां हेल्थकेयर, वेलनेस, मनोरंजन और गंगा दृश्यों वाले फ्लैट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सृजन रियल्टी के निदेशक केशव अग्रवाल ने कहा, हम सीनियर लिविंग को ओल्ड एज होम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवनशैली के रूप में देखते हैं। पोषण विशेषज्ञ हेना नफीस ने कहा, छोटे परिवारों के बढ़ते चलन के बीच ऐसे समुदाय बुजुर्गों को सुरक्षा और साथ का अहसास दिलाते हैं, जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है। प्रिमस लाइफस्पेसेज के संस्थापक आदर्श नरहरी ने कहा, यह परियोजना बुजुर्गों को शांत, सुरक्षित और उद्देश्यपूर्ण जीवन प्रदान करेगी।

### टाटा एआईए का नया प्लान - 'शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट'

**कोलकाता :** भारत की एक प्रमुख जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने प्रस्तुत किया है नया टाटा एआईए शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट। यह टर्म प्लान पारंपरिक टर्म प्लान की तुलना में अनूठा और क्रांतिकारी है, जो आपको तत्काल एकमुश्त पेआउट और 30 सालों तक लचीली मासिक आय दोनों देता है। परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह इस तरह का पहला प्लान है और उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अस्थिरता में मन की शांति को खोना नहीं चाहते। नए प्लान के बारे में, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स के प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स और बिज़नेस मिड ऑफिस के चीफ, सुजीत कोठारे ने कहा, टाटा एआईए में हम मानते हैं कि सिर्फ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना काफी नहीं है, बल्कि परिवारों का ज़िन्दगी के हर पड़ाव पर समर्थन करना ज़रूरी है। शुभ फॅमिली प्रोटेक्ट में हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि परिवारों को वह वित्तीय सुरक्षा मिलें जिसकी उन्हें ज़रूरत होती है, साथ ही लचीलापन भी जिसके वे हक़दार हैं।

# तृणमूल सांसद ममताबाला ठाकुर ने एसआईआर मुद्दे पर अनिश्चितकालीन अनशन की धमकी दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की सांसद ममताबाला ठाकुर ने शनिवार को धमकी दी कि यदि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतुआ समुदाय के किसी भी सदस्य का नाम शामिल किया गया तो वे पांच नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। ठाकुर ने कहा कि वह उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर स्थित संघ मुख्यालय में मतुआ समुदाय की दिग्गज नेता बीनापाणि देवी के आवास के सामने अनशन पर बैठेंगी। इस दिन, उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि हम विभिन्न समुदायों के लोगों को हमारे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए



आमंत्रित करते हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतुआ और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों को खत्म करना और उनके मताधिकार को छीनना है। हम अगले कुछ दिनों में अपनी आगे की रणनीति की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग एसआईआर अभियान को लेकर मतुआ समुदाय के लोगों की इस आशंका को दूर नहीं कर देता है कि एसआईआर के नाम पर इस समुदाय के एक भी व्यक्ति को बाहर नहीं किया जाएगा, अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मतुआ समुदाय के सदस्य भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि हमें आशंका है कि उत्तर 24 परगना, नदिया और अन्य जिलों में रहने वाले सैकड़ों मतुआ लोगों के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे क्योंकि भाजपा बड़ी संख्या में समुदाय के सदस्यों को मतदान से वंचित करना चाहती है, जबकि वे सभी देश के वास्तविक नागरिक हैं। कोई और विकल्प न मिलने पर हमें आंदोलन के रास्ते पर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

**❑ प्रचार के लिए 'स्टंट' का सहारा ले रही ममताबाला : शांतनु ठाकुर**

ममता ठाकुर के दावों को ज्यादा महत्व देने से इनकार करते हुए, शांतनु ठाकुर ने कहा कि ममता ठाकुर समुदाय में अलग-थलग पड़ गई हैं और समुदाय के बीच उनकी पार्टी का समर्थन आधार तेजी से घट रहा है। शांतनु ठाकुर ने कहा कि मतुआ महासंघ के सदस्य हमारे साथ हैं, और सभी जानते हैं कि एसआईआर का लक्ष्य मतुआ नहीं है। उनकी नागरिकता की गारंटी है, और वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने दावा किया कि ममताबाला ठाकुर का आंदोलन असफल रहेगा और वह प्रचार के लिए 'स्टंट' का सहारा ले रही हैं।

## अनोखी परंपरा स्त्रियों के भेष में पुरुष करते है मां जगद्धात्री को वरण

**हुगली, समाज्ञा :** भद्रेश्वर और चंदननगर में जगद्धात्री पूजा विसर्जन के दौरान एक अनोखी परंपरा देखने को मिलती है। यहां पुरुष महिलाओं का वेश धारण कर मां जगद्धात्री का वरण करते हैं। कहा जाता है कि यह परंपरा उस समय शुरू हुई थी जब पर्दा प्रथा और अंग्रेजी शासन के भय के कारण महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। ऐसे में पूजा की रस्मों को निभाने के लिए पुरुषों ने महिला का रूप धारण करना शुरू किया। तब से यह परंपरा आज तक निभाई जा रही है, जहां पुरुष साड़ी और आभूषण पहनकर देवी को सिंदूर अर्पण करते हैं।



भद्रेश्वर के तेतुलतला बारोवारी जगद्धात्री पूजा में आज भी एक ऐसी अनोखी परंपरा जीवित है, जो पूरे देश में अपनी मिसाल खुद पेश करती है। यहां देवी का वरण महिलाएं नहीं, बल्कि पुरुष साड़ी पहनकर और घूंघट ओढ़कर करते हैं। उनका आचरण पूरी तरह से स्त्रैण रहता है। स्थानीय लोगों के बीच यह देवी बूढ़ी मां के नाम से जानी जाती हैं। इस वर्ष यह पूजा अपने 215 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। भद्रेश्वर गंज की पूजा पारिवारिक पूजा थी, जो बाद में बारोवारी (सार्वजनिक) रूप में बदल गई। तब से आज तक यह पूजा पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस परंपरा के पीछे एक ऐतिहासिक कथा जुड़ी है। ब्रिटिश शासन के दौरान जब भद्रेश्वर के गौरीहाटी क्षेत्र में अंग्रेज़ और फ्रांसीसी सेनाओं की छावनी थी, उस समय महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना असुरक्षित था। ऐसे में देवी के वरण की रस्म निभाने की जिम्मेदारी पुरुषों ने अपने ऊपर ली। पुरुष विवाहित स्त्रियों की तरह साड़ी पहनकर, सिन्दूर लगाकर, शंख-चूड़ी पहनकर और घूंघट ओढ़कर देवी का वरण करने लगे। यह परंपरा सदियों से अब तक उसी श्रद्धा और भक्ति भाव से निभाई जा रही है। दशमी के दिन, प्रतिमा विसर्जन से पहले जब मां का वरण होता है, तब पुरुष पारंपरिक स्त्री-वेश में सजकर कनकांजलि अर्पित करते हैं।

कपाल पर सिन्दूर का टीका, हाथ में वरण थाली और चेहरे पर भक्ति का तेज यह दृश्य भक्तों को भाव-विभोर कर देता है। जैसे कृष्णानगर की प्रसिद्ध बूढ़ी मां वैसे ही भद्रेश्वर गंज की जगद्धात्री पूजा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र हैं। इस दिन बड़ी तादात में भक्त विसर्जन का हिस्सा बनते हैं। अपने मोबाइल में इस पल को कैद करते है सेल्फी लेते हैं यहां तक की विदेशी आंगतुक भी यहां आते हैं।

## मामूली विवाद में युवक की हत्या, सनसनी

**हुगली :** जगद्धात्री पूजा के विसर्जन के दौरान क्लब में चल रहे भोज के बीच खौफनाक घटना सामने आई। इसी दौरान एक युवक ने तीन उबले अंडे खा लिए, बस इसी बात पर दो दोस्तों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि युवक की पिटाई कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम रामचंद्र घोषाल (26) है। यह घटना हुगली जिले के कमारपुकुर की है। कमरपुकुर पुलिस फाड़ी से कुछ ही दूरी पर हुई इस हत्या ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने आरोपी राजू माइती को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात कमारपुकुर के लाहाबाजार में एक क्लब में जगद्धात्री पूजा के विसर्जन का कार्यक्रम था। पूजा के बाद क्लब के सामने भोजन का आयोजन किया गया था। इसी दौरान रामचंद्र ने दूसरों के लिए रखे तीन अंडे खा लिए। इस बात को लेकर कुछ लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। खाने-पीने के बाद जब वह घर लौट रहे थे, तब रास्ते में फिर झगड़ा शुरू हो गया। आरोप है कि झगड़े के दौरान राजू माइती ने एक दिव्यांग व्यक्ति की बैसाखी उठाकर रामचंद्र के सिर और गर्दन पर वार किया और लगातार पीटते हुए उसे कमारपुकुर श्रीधाम प्रतीक्षालय तक घसीट ले गया। स्थानीय लोगों ने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामचंद्र की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता तारक घोषाल ने कहा कि क्लब के लड़कों ने कोई कदम नहीं उठाया, मुझे फोन तक नहीं किया। मेरे बेटे की मौत के बाद मुझे बुलाया गया। जिन्होंने मेरे बेटे को मारा है, उन्हें फांसी होनी चाहिए। मेरी बेटी की शादी होने वाली है, अब मैं यह शादी कैसे करूं? कुछ साल पहले ही बेटे की शादी हुई थी।

## चंदननगर में जगद्धात्री प्रतिमाओं के विसर्जन की धूम

**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर में विश्व प्रसिद्ध जगद्धात्री प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से शुरु हुआ। शनिवार को विसर्जन सह कार्निवाल में लाखों लोगों का तांता लगा रहा और जहां देखों वहां सैलाब उमड़ पड़ा।



प्रकाश नगरी में बदले चंदननगर में जैसे रौशनी एक नई कहानी गढ़ती नजर आई तो गाजे बाजे के शोर में यहां माता जगद्धात्री के भक्त झूमते नजर आए। चंदननगर की सड़कों पर दुर्गापूजा कार्निवल की तर्ज पर जगद्धात्री पूजा कार्निवल ने लोगों का मन मोह लिया। राज्य सहित देश के विभिन्न जगहों से आये श्रद्धालुओं ने एक लाइन से एक के बाद एक करके जा रही जगद्धात्री माता की प्रतिमाओं के दर्शन किये। इस वर्ष 70 पूजा कमेटियों को अधिकारिक तौर पर शोभायात्रा में शामिल होने की जानकारी दी गई है। केंद्रीय जगद्धात्री पूजा समिति के अनुसार, चंदननगर नगरपालिका और चंदननगर केंद्रीय जगधात्री पूजा की पहल के तहत इस वर्ष चंदननगर जगद्धात्री पूजा के लिए विभिन्न व्यवस्था की गई हैं। विसर्जन के दौरान सीसीटीवी कैमरे ने निगाह रखी जा रही थी तो पुलिस व्यवस्था भी पुख्ता रही।

## एआई से चिटफंड पीड़ितों को राहत देने की कवायद, खर्च की जिम्मेदारी कौन लेगा?

**❑ अलकेमिस्ट समूह पर धोखाधड़ी का आरोप, हाई कोर्ट में अटका मामला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट अब चिटफंड ठगी के शिकार लोगों को रुपये लौटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक की मदद चाहता है। लेकिन, सवाल यह है कि इस प्रक्रिया के लिए जिन लोगों को नियुक्त किया जाएगा, उनका खर्च कौन उठाएगा? इस संबंध में न तो राज्य और न ही केंद्र जिम्मेदारी लेना चाहता है। कोर्ट का यह भी कहना है कि जमाकर्ताओं के पैसे से यह काम नहीं हो सकता। हाई कोर्ट ने रोजवैली चिटफंड घोटाले के शिकार जमाकर्ताओं का पैसा लौटाने के



लिए गठित सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिलीप सेठ समिति (एसेट डिस्पोजल कमेटी) को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि, इस समिति पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इसे देखते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज और न्यायमूर्ति उदय कुमार की खंडपीठ ने सेबी को फोरेंसिक आडिट करने की जिम्मेदारी लेने को कहा था, लेकिन सेबी के वकील ने पिछली सुनवाई में स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें यह काम करने का अधिकार नहीं है। शुक्रवार को इस मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ दिलीप सेठ समिति की जांच की जिम्मेदारी 'नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक' (कैग) को देना चाहती है। कैग यह काम कर सकता है या नहीं, इसकी जानकारी अगले सप्ताह दी जाएगी। इस बीच आरोप है कि अलकेमिस्ट कंपनी ने करीब आठ लाख रुपये के आवेदन पर बाजार से 1385 करोड़ रुपये वसूलने कर धोखाधड़ी की है। हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि अलकेमिस्ट समूह के अंतर्गत कुल कितनी कंपनियां हैं और उनमें कितना रुपये निवेश किया गया है, इसका हिसाब देना होगा। मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में विषय-आधारित प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री एस.एस. जैन सभा के संरक्षण में संचालित श्री जैन विद्यालय (प्राथमिक शाखा) में शनिवार को विषय-आधारित प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। सूरज कुमारी कांकरिया एक्टिविटी सेंटर में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष और विद्यालय के मार्गदर्शक सरदारमल कांकरिया के करकमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में सैकड़ों अभिभावक, शिक्षक और अतिथिगण उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री कांकरिया ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का परिचायक है, बल्कि यह अहिंसा, ज्ञान और सेवा जैसे जैन मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करती है।



प्रदर्शनी में एलकेजी से कक्षा चार तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल और भाषा विषयों पर आकर्षक मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने समग्र विकास पर आधारित होलिस्टिक मॉडल प्रस्तुत किए, जबकि कक्षा एक के छात्रों ने 'प्रिटेंड शॉप्स' के माध्यम से भारतीय मुद्रा और गणित की उपयोगिता दिखाई। कक्षा दो से चार तक के छात्रों ने अंग्रेजी व्याकरण, पाचन तंत्र, सौर मंडल, जलचक्र और प्राचीन इतिहास जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रदर्शित कर दर्शकों की प्रशंसा प्राप्त की। विद्यालय के अध्यक्ष बिनोद कांकरिया ने विद्यार्थियों की सृजनशीलता को सराहते हुए कहा कि ये नन्हे सितारे भविष्य के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। सचिव मनोज कुमार बोथरा ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय टीमवर्क और नवाचार की भावना को दिया। प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी शिक्षा, आनंद और प्रेरणा का संगम रही तथा विद्यालय के सांस्कृतिक मूल्यों को और सशक्त बनाया।

## जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार गंगासागर दौरे पर दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी अरविंद कुमार मीना



**गंगासागर :** हाल ही में दक्षिण 24 परगना के नए जिलाधिकारी के रूप में नियुक्त हुए अरविंद कुमार मीना ने पदभार संभालने के बाद पहली बार गंगासागर का दौरा किया। शनिवार को वे नामखाना प्वाइंट से दक्षिण 24 परगना जिला परिषद के उपाध्यक्ष और विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गंगासागर के कई इलाकों का निरीक्षण करने पहुंचे। दौरे के दौरान जिलाधिकारी ने सागर द्वीप के उन हिस्सों का भी जायज़ा लिया जो हाल के दिनों में नदी कटाव से प्रभावित हुआ है। प्रशासन के लिए इस बार सबसे बड़ी चुनौती है कपिल मुनि मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यह देखना कि आगामी गंगासागर मेले में श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पवित्र स्नान कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और नदी तट की सुरक्षा, सड़क व्यवस्था, बिजली, जल व यातायात की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उनके इस निरीक्षण दौरे को आगामी गंगासागर मेला तैयारी एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## महावीर प्रसाद बजाज फिर संभालेंगे श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय की कमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय की वार्षिक साधारण सभा शुक्रवार को संस्था के भवन, 33 विवेकानंद रोड पर संपन्न हुई। इस अवसर पर वर्ष 2025-2026 के लिए नई कार्यसमिति का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव में महावीर प्रसाद बजाज को पुनः पुस्तकालय का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपसभापति पद पर भागीरथ चांडक एवं महावीर प्रसाद रावत, मंत्री पद पर बंशीधर शर्मा, उपमंत्री पद पर अजयेंद्र नाथ त्रिवेदी और सत्यप्रकाश राय, अर्थमंत्री पद पर नंदकुमार लगा, तथा साहित्य मंत्री पद पर डॉ. तारा दूगड़ चुने गए। सदस्य पद के लिए डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, मोहनलाल पारीक, अरुण प्रकाश मल्लावत, अजय चौबे, नरेंद्र



कुमार डागा, ललित तोदी, दुर्गा व्यास, डॉ. कमल कुमार, चंद्र कुमार जैन, मनोज काकड़ा, संजय रस्तोगी, सुधा जैन, राजेश अग्रवाल (लाला), रामचंद्र अग्रवाल, भागीरथ सारस्वत, संजय मंडल एवं मनीष जैन को चुना गया। मंत्री बंशीधर शर्मा ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भवन संबंधी कार्पोरेशन की कार्यवाही शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है।

## भाजपा ने कोलकाता से शुरू किया मेगा यूथ आउटरीच कैंपेन, बंगाल सरकार पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस (आईसीसीआर), कोलकाता में शनिवार को भाजपा की ओर से मेगा यूथ आउटरीच कैंपेन की शुरुआत की गई। इस दौरान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्रनील खां तथा त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद बिप्लब देब ने मीडिया को संबोधित किया।



शमिक भट्टाचार्य ने भारत की प्राचीन सभ्यता और वैश्विक परिदृश्य पर मजबूत होते भारत की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल एक नाम नहीं बल्कि एक अवधारणा हैं, जिन्होंने विश्व मंच पर भारतीय पहचान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कभी यूएसए ने मोदी को वीजा देने से मना किया था, पर आज वही देश उनका लाल कालीन स्वागत करता है। उन्होंने राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के रोजगार और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जहां गुजरात को 9.6 फ़ीसदी एफडीआई प्राप्त हो रही है, वहीं पश्चिम बंगाल को केवल 0.6 फ़ीसदी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजीबीएस जैसे आयोजनों के बावजूद राज्य में निवेशक नहीं आ रहे और मौजूदा उद्योग भी राज्य छोड़ रहे हैं। भट्टाचार्य के अनुसार बंगाल प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। रानाघाट और अशोकनगर के तेल भंडार तथा पुरुलिया में दुर्लभ खनिज उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य सरकार अनुमति नहीं दे रही, जिससे रोजगार सृजन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की विश्वकर्मा योजना को लागू करने में भी राज्य सरकार उदासीन है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सन् 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की गई और महिलाओं पर अत्याचार हुए, लेकिन राज्य प्रशासन ने पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहयोग नहीं किया।

लोकसभा सांसद बिप्लब देब ने कहा कि बंगाल ने स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और आधुनिक भारत की राह दिखाई, लेकिन आज यहां असुरक्षा की चर्चा होना दुखद है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों को राज्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं और बीजेपी की विकास की नीति को समझाएं, इससे उनके भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित होगी तथा परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## न्यूज अपडेट

### एक ही परिवार तीन लोगों की मौत से मचा हड़कंप

**हुगली, समाज्ञा :** एक ही परिवार के तीन लोगों की हुई संदिग्ध मौत से चांपदानी में हड़कंप मच गया। यह घटना हुगली जिले के चांपदानी के ऐंगस इलाके की है। शनिवार सुबह घर से तीनों के शव बरामद हुए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल भेजा गया है। मृतकों के नाम हैं मोहम्मद कयामुद्दीन (40), ममताज परवीन (32) और अफ्सा (8) है। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कयामुद्दीन ने अपनी पत्नी और बेटी को जहर खिलाने के बाद खुदकुशी कर ली। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कयामुद्दीन बैरकपुर अदालत में एक मुंशी के पास काम करते थे। बताया जा रहा है कि बाजार में उन पर काफी कर्ज था। उन्होंने अपने पिता से ज़मीन बेचने को कहा था, लेकिन उनके माता-पिता, जो चंदननगर में रहते हैं और बीमार हैं, जमीन बेचने के पक्ष में नहीं थे। इसी तनाव के बीच शनिवार सुबह कयामुद्दीन, उनकी पत्नी और बेटी ने खुदकुशी की। इलाके के लोगों का कहना है कि परिवार में आपसी कलह भी चल रही थी। सूत्रों के मुताबिक, कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

### हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद अधिकतर पूजा समितियों ने नहीं दिया 1,10,000 रुपये का अनुदान विवरण

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद अधिकांश दुर्गा पूजा समितियों ने सरकारी अनुदान 1,10,000 रुपये का लेखा-जोखा समय पर जमा नहीं किया है। अदालत ने यह रिपोर्ट 15 अक्तूबर तक मांगी थी, पर मिलने वाली सूचनाओं के अनुसार कुल 2,959 पूजा समितियों में से केवल 619 ने ही अनुदान का हिसाब-पत्र जमा किया है। शेष 2,340 समितियाँ अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाईं। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि कई आयोजक इस वजह का हवाला दे रहे हैं कि पूजा के व्यस्त कार्यक्रम और समय की कमी के कारण वे अभी तक विवरण नहीं दे पाए। हालांकि हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए राज्य प्रशासन और पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है और कहा जा रहा है कि यदि आवश्यक हुआ तो कड़े प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने आयोजकों को अंतिम रूप से चेतावनी दी है कि अनुदान-लेखा प्रस्तुत न होने पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और सार्वजनिक अनुदान के उपयोग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आगे कदम उठाए जाएंगे।

### पूर्व रेलवे रास यात्रा उत्सव के अवसर पर चलाएगा विशेष ईएमयू ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शांतिपुर क्षेत्र में आयोजित रास यात्रा उत्सव के अवसर पर सियालदह मंडल ने यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष रेल व्यवस्थाओं की घोषणा की है। इस मौके पर 5 से 8 नवंबर 2025 तक 12 अप और 10 डाउन ईएमयू ट्रेनों का अस्थायी ठहराव बाठना कृतिबास हॉल्ट स्टेशन पर किया जाएगा। इसके साथ ही एक जोड़ी विशेष ईएमयू लोकल ट्रेन भी सियालदह और शांतिपुर स्टेशनों के बीच 6/7 नवंबर तथा 7/8 नवंबर 2025 की रातों में चलाई जाएगी। 12 अप ट्रेनों में 9 सियालदह-शांतिपुर लोकल, 1 राणाघाट-कृष्णनगर लोकल, 1 राणाघाट-शांतिपुर लोकल और 1 बनगांव-शांतिपुर लोकल शामिल होंगी। वहीं, 10 डाउन ट्रेनों में 7 शांतिपुर-सियालदह लोकल, 2 शांतिपुर-राणाघाट लोकल और 1 शांतिपुर-बनगांव लोकल का ठहराव इस हॉल्ट स्टेशन पर होगा। विशेष ईएमयू लोकल ट्रेन सियालदह से रात 21:06 बजे रवाना होकर 23:32 बजे शांतिपुर पहुंचेगी, जबकि वापसी में शांतिपुर से रात 00:10 बजे चलकर 02:35 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन मार्ग में आने वाले सभी प्रमुख तथा हॉल्ट स्टेशनों पर रुकेगी।

### हावड़ा मंडल में एम-यूटीएस सहायक योजना का शुभारंभ




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने शनिवार को हावड़ा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने और डिजिटल इंडिया मिशन को सशक्त बनाने की दिशा में एम-यूटीएस सहायक योजना का शुभारंभ किया। यह योजना पूर्व रेलवे में अपनी तरह की पहली पहल है, जिससे हावड़ा स्टेशन डिजिटल टिकटिंग में अग्रणी बन गया है। भारतीय रेल के पांच एनएसजी-1 श्रेणी के स्टेशनों पर यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। एम-यूटीएस सहायकों को मोबाइल टैब और ब्लूटूथ-सक्षम थर्मल प्रिंटर दिए गए हैं, जिनसे वे यात्रियों को तुरंत बिना आरक्षण वाले टिकट जारी कर सकेंगे। हावड़ा स्टेशन पर प्रारंभिक चरण में 11 सहायकों की तैनाती की गई है, जिन्हें आवश्यक सुविधाएं जैसे बैठने की व्यवस्था, बिजली, पंखे और वाई-फाई उपलब्ध कराए गए हैं। यह पहल मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली को सशक्त बनाते हुए यात्रियों को तेज, स्मार्ट और सुविधाजनक सेवाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस दौरान सीनियर डीसीएम राहुल रंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रेल टिकट दलालों पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, तीन दलाल गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने अवैध टिकट बिक्री पर लगाम लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन उपलब्ध नामक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 31 अक्टूबर को आसनसोल और सियालदह मंडलों में आरपीएफ अधिकारियों ने आसनसोल पीआरएस, सत्संग आश्रम देवघर और बालीगंज क्षेत्र से तीन दलालों को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान अभियुक्तों के पास से छह रेलवे टिकट बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 22,330 थी। आरपीएफ ने आरोपियों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूर्व रेलवे प्रशासन ने कहा कि वह अवैध टिकट कारोबार को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा कि आरक्षण सुविधाएं केवल वास्तविक यात्रियों तक ही सीमित रहें। आरपीएफ द्वारा ऐसे अभियानों को आगे भी नियमित रूप से जारी रखा जाएगा।

### जगधात्री पूजा सेवा कार्य संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** नूतन तरुन दल (नूतन बाजार) कोलकाता द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जगधात्री पूजा के दौरान समाजसेवी संस्था श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में (300) माताओं, बहनों को वस्त्र वितरण किया गया एवं साथ-साथ मनीषिका, केडिया सभा एवं लायन्स क्लब ऑफ कोलकाता नार्थ द्वारा हजारों जन मानस हेतु महाप्रसाद का वितरण किया गया। संस्था के महासचिव डॉ.अशोक सिंह ने मनीषिका एवं लायन्स बंधुओं द्वारा अन्नपूर्णा सेवा की सराहना की। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी मोहन केडिया, बिनोद केडिया, प्रकाश केडिया, निरंजन जैन, मोहन लाल अग्रवाल, राकेश कुमार शर्मा, पार्षद इलोरा साहा, मृणाल साहा, राजेश सिंह, सांवरलाल खरकिया, हेमचन्द अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, विनय सुल्तानिया सहित अनेक महिला कार्यकर्ताओं ने मां जगधात्री की पूजा अर्चना की।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नाबालिग छात्रा ने की स्कूल बस चालक से शादी, बाद में दोनों ने खाया जहर

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के गुलरिहा क्षेत्र में 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने स्कूल के एक बस चालक से मंदिर में शादी कर ली। पकड़े जाने के डर से दोनों ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नाबालिग छात्रा ने अपने ही स्कूल के 23 वर्षीय बस चालक अभिषेक शर्मा उर्फ हैप्पी के साथ जाकर एक स्थानीय मंदिर में शादी कर ली और बृहस्पतिवार को पकड़े जाने के डर से दोनों ने कीटनाशक खा लिया। सूत्रों ने बताया कि दोनों ने अपनी कलाई भी काट ली। उन्होंने बताया कि छात्रा और बस चालक को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां अभिषेक की हालत गंभीर बतायी जाती है। वहीं, लड़की की हालत स्थिर है। सूत्रों ने बताया कि जहर खाने से पहले अभिषेक ने लड़की के साथ एक वीडियो रिकॉर्ड किया और 'उसमें उसने कहा कि वे साथ नहीं रह सकते लेकिन उन्हें साथ मरने से कोई नहीं रोक सकता।' सूत्रों के मुताबिक, वह वीडियो अभिषेक के रिश्तेदारों को भेजा गया जिन्होंने तुरंत उसके पिता को सूचित किया। वह मौके पर पहुंचे और दोनों को बेहोश पाया।

### रांची के व्यापारी ने लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया

**रांची:** का एक व्यापारी शनिवार को अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घायल व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना पुंदाग पुलिस थाना क्षेत्र में घटी। नगर पुलिस अधीक्षक (एसपी) पारस राणा ने कहा, ''(यह) घटना आज दोपहर की है। पीड़ित को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की लाइसेंसी पिस्तौल बरामद कर ली है। मामले की जांच की जा रही है और अधिक जानकारी का इंतजार है।

### राजस्थान में निजी स्लीपर बसों की हड़ताल से यात्री हुए परेशान

**जयपुर:** राजस्थान में शादी विवाह के सीजन से ठीक पहले निजी स्लीपर बसों की हड़ताल से हजारों यात्री परेशान हुए हैं। राज्य में निजी बस ऑपरेटर ने शनिवार को अपनी स्लीपर बसें नहीं चलाईं। इन आपरेटर ने जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद परिवहन विभाग की ऐसी बसों के खिलाफ हालिया कार्रवाई के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। बस आपरेटर का दावा है कि स्लीपर बसों के नहीं चलने से राज्य भर में हज़ारों यात्री प्रभावित हुए हैं, लोग बस अड्डों व राजमार्गों पर फंस गए। हालांकि ऐसी बसों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग बंद कर दी गई हैं, लेकिन ऐसी खबरें भी सामने आईं कि कुछ बसें अब भी चल रही हैं और यात्रियों से सामान्य से छह गुना अधिक तक किराया वसूला जा रहा है। इस हड़ताल की घोषणा ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने की। इसने परिवहन अधिकारियों पर डिजाइन या परमिट संबंधी समस्याओं वाली बसों के खिलाफ मनमानीपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। इनका आरोप है कि अधिकारियों ने कथित तौर पर चालान जारी किए हैं और कई वाहनों, खासकर राज्य के बाहर पंजीकृत वाहनों को जब्त कर लिया है।

### जयपुर : निजी स्कूल में चौथी मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत, आत्महत्या का संदेह

**जयपुर:** जयपुर के एक प्रमुख निजी स्कूल में शुक्रवार को छठी कक्षा की एक छात्रा की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि छात्रा चौथी मंजिल से गिर गई थी। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है और पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। मानसरोवर के थानाधिकारी लखन खटाना ने संवाददाताओं को बताया कि नीरजा मोदी स्कूल की चौथी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद छात्रा अमायरा को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मामले की विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए समिति बनाई है। खटाना ने संवाददाताओं से कहा, 'वास्तविक कारण तो जांच के बाद ही सामने आएगा।

# बिहार चुनाव विकास बनाम 'जंगलराज' की लड़ाई : अमित शाह

**पटना/गोपालगंज/समस्तीपुर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राज्य की जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास का रास्ता चुनने और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले विपक्ष के 'जंगलराज' को वापस लाने के बीच का चुनाव है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बात गोपालगंज और समस्तीपुर जिलों में आयोजित रैलियों को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कही। खराब मौसम के कारण वह स्वयं इन स्थानों पर नहीं पहुंच सके। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के गृह जिले गोपालगंज का उल्लेख करते हुए शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के भाई और पूर्व विधायक साधू यादव के 'अत्याचारों' का जिक्र किया और लोगों को चेताया कि ''अगर विपक्ष सत्ता में आया तो फिर से जंगलराज लौट आएगा।' शाह ने कहा, 'यह चुनाव यह तय करने का अवसर है कि बिहार का भविष्य किसे सौंपना चाहिए। एक ओर वे लोग हैं जिन्होंने राज्य में 'जंगलराज' लाया था और दूसरी ओर प्रधानमंत्री



मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी है, जिन्होंने विकास का रास्ता दिखाया है।'' उन्होंने कहा, ''गोपालगंज के लोगों ने 2002 से राजद को वोट नहीं दिया है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस परंपरा को बनाए रखेंगे... गोपालगंज के लोगों से बेहतर कोई साधू यादव के कारनामों को नहीं जानता।'' साधू यादव, जो गोपालगंज से विधायक और सांसद दोनों रह चुके हैं, राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान काफी प्रभावशाली माने जाते थे। शाह ने उन घटनाओं का भी उल्लेख किया जिनमें यादव का नाम सामने आया था, जैसे 1999 में राबड़ी देवी की बड़ी बेटी मीसा भारती की शादी के दौरान शो-रूम से कथित तौर पर जबरन कारें उठवा लेने का मामला, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री मोदी ने भी हाल में एक रैली में किया था। 90 के दशक के शिल्पी गौतम हत्याकांड में भी यादव का नाम आया था। हाल में यह मामला तब सुर्खियों में आया जब जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी (जो उस वक्त राजद में थे) पर इस मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया। शाह ने अपने संबोधन में राजद शासनकाल के दौरान मध्य बिहार के उन गांवों का भी नाम लिया, जो नरसंहारों के लिए कुख्यात रहे थे, जब राज्य के कई जिले नक्सलियों और ऊंची जाति के जमींदारों की 'निजी सेनाओं' के बीच खूनी संघर्ष की चपेट में थे। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों का भी उल्लेख किया।



सारण : बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र शनिवार को तरैया विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जनक सिंह के समर्थन में आयोजित 'भाजपा विजय संकल्प सभा' में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान।



वाराणसी : गंगा नदी में नौका विहार का आनंद ले रहे लोगों के बीच शनिवार को पहुँचे प्रवासी सीगल पक्षी।

### 'अब बिहारी होना गर्व की बात', राज्य के विकास के लिए राजग को वोट दें: नीतीश

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के लोगों से एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने की अपील की। उन्होंने साथ ही कहा कि ''अब बिहारी होना गर्व की बात है'' और राज्य के समग्र विकास के लिए राजग सरकार का बने रहना जरूरी है। जद(यू) की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कभी कुछ नहीं किया और बिहार के विकास को ही हमेशा प्राथमिकता दी है। कुमार ने कहा कि नवंबर 2005 में उनकी सरकार के गठन के बाद से राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में ''उल्लेखनीय सुधार'' हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''लोग जानते हैं कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति क्या थी। हमने सत्ता में आने के बाद कानून-व्यवस्था की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और राज्य में कानून का राज स्थापित किया। आज 'बिहारी' होना राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है।'




### रत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में उज्बेकिस्तान की महिला गिरफ्तार

**महाराजगंज:** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में बिना वैध वीजा के भारत में कथित तौर पर घुसने की कोशिश करने वाली उज्बेकिस्तान की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आप्रवासन विभाग के जांच अधिकारी प्रमोद कुमार दुबे ने शनिवार को बताया कि नेपाल से भारत आ रही उम्मीदा जोइरोवा (36) को शुक्रवार शाम सोनौली इलाके में आप्रवासन विभाग के अधिकारियों ने एक नियमित जांच के दौरान पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि उसके पास



उज्बेकिस्तान का पासपोर्ट है लेकिन भारतीय वीजा नहीं है। अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि महिला को इस साल 22 फरवरी को मुंबई हवाई अडडे से 'एग्जिट परमिट' के साथ भारत से निर्वासित कर दिया गया था।

### लखनऊ की पाककला हुयी वैश्विक: यूनेस्को की सूची में शामिल किये जाने से खुशी की लहर

**लखनऊ:** लखनऊ के जायकों की लज्जत हमेशा से खानपान के शौकीनों के बीच बेहद खास रही है, फिर चाहे इसके जाफरानी जायके की खुशबू हो या रेशमी नज़ाकत वाले पकवानों का लुत्फ़ उठाने की बात हो। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अब शहर को पाककला के लिए 'क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क' (सीसीएन) में शामिल किया है। इससे राज्य की राजधानी के खाने-पीने के शौकीनों में खुशी की लहर है, जिन्हें लगता है कि इस वैश्विक सूची से शहर का भोजन और भी लोकप्रिय हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कई दशकों तक अपने लजीज जायके और मेहमानवाजी से घरेलू तथा विदेशी मेहमानों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ने वाले नवाबों के शहर लखनऊ को यूनेस्को के 'रचनात्मक शहरों'' की सूची में शामिल किया गया है। वहीं, शहर के ख्यालीगंज क्षेत्र में टुंडे कबाब की दुकान के मालिक मोहम्मद उस्मान ने कहा, हम न केवल अच्छा खाना पसंद करते हैं, बल्कि हम इसे परोसने में भी बहुत गर्व महसूस करते हैं। किसी को शहर के जबरदस्त जायकों का लुत्फ लेते हुए देखने से ज़्यादा कुछ भी एक सच्चे लखनऊवासी को खुशी नहीं देता है।'

## बिहार में नहीं है 'डबल इंजन' सरकार, सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित होता है: प्रियंका गांधी

**पटना/बेगूसराय:** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को बिहार में बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में ''डबल इंजन की सरकार'' नहीं है, क्योंकि ''सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित किया जाता है।' बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बेगूसराय में अपनी पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य, दोनों जगह राजग की सरकारें 'विभाजनकारी राजनीति'' और ''झूठे राष्ट्रवाद'' का सहारा लेकर लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'मतदान का अधिकार भारतीय संविधान का सबसे बड़ा वरदान है, लेकिन राजग सरकार ने मतदाता सूची के विशेष



गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए लोगों के वोट का अधिकार कमजोर कर दिया, जिसमें 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।' उन्होंने कहा, 'बिहार में कोई डबल इंजन सरकार नहीं है, बल्कि एक ही इंजन है... सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित किया जाता है। न तो आपकी सुनी जाती है और न ही आपके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सम्मान होता है।' प्रियंका ने मतदाता सूची की समीक्षा प्रक्रिया को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 'मतदाताओं के नाम हटाना लोगों के अधिकारों का हनन है।'' कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया, ''पहले उन्होंने लोगों को बांटा, फिर लड़ाई करवाई, लेकिन जब जनता का ध्यान असली मुद्दों से नहीं हटा सके, तो अब वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने सवाल किया, ''जब शीर्ष राजग नेता यहां आते हैं, तो क्या बात करते हैं? या तो 20 साल आगे की बातें करते हैं या फिर बीते जमाने की। नेहरू जी, इंदिरा जी की आलोचना करते हैं, लेकिन बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं कहते।' प्रियंका ने कहा, 'मैं भी अतीत की बात करती हूं - कारखाने किसने लगाए? आईआईटी और आईआईएम किसने स्थापित किए? इसका उत्तर है - कांग्रेस और नेहरू जी।'

## बिहार चुनाव: गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर में राजनीतिक अनुभव की कमी के पूरा होने की उम्मीद



**अलीनगर (दरभंगा):** लगभग एक दशक पहले जब बिहार की एक किशोरी ने अपनी मधुर आवाज़ से संगीत जगत में पहचान बनानी शुरू की थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वही संकोची लड़की एक दिन राजनीति के मैदान में उतर जाएगी। अब बिहार विधानसभा चुनाव के सबसे चर्चित उम्मीदवारों में शामिल 25 वर्षीय मैथिली ठाकुर ने कहा, 'मैं अलीनगर में घर बनाना चाहती हूं और इसे ही अपना स्थायी ठिकाना बनाऊंगी। मेरे ननिहाल की जड़ें यहीं हैं। मैं कहीं और नहीं रहना चाहती।' दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ठाकुर को ''बाहरी' होने के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। वह स्थानीय मैथिली भाषा में निपुण हैं और उनकी पारिवारिक जड़ें पास के मधुबनी जिले में हैं। कुछ समय से वह अपने माता-पिता और भाइयों के साथ दिल्ली में रह रही थीं। ठाकुर ने 14 अक्टूबर को भाजपा की सदस्यता ली, लेकिन इसके पहले से ही उनके राजनीति में आने की अटकलें तेज थीं। पांच अक्टूबर को, जब चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के साथ उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तब यह लगभग तय माना जाने लगा कि वह चुनाव मैदान में उतरेंगी। भाजपा के बिहार प्रभारी तावड़े ने 'एक्स' पर लिखा था, ''प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर उन परिवारों में से एक से हैं, जो 1995 में 'लालू राज' के दौरान बिहार छोड़ने को मजबूर हुए थे। अब बदलते समय के साथ वह वापस आना चाहती हैं।'' उनकी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा से कुछ दिन पहले ही मौजूदा भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव ने पार्टी छोड़ दी थी। यादव ने आरोप लगाया था कि भाजपा ''दलितों और पिछड़ों की उपेक्षा'' कर रही है। मैथिली ठाकुर ब्राह्मण समुदाय से हैं, और उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजद उम्मीदवार बिनोद मिश्र भी ब्राह्मण हैं, जो उम्र में उनसे करीब 35 वर्ष बड़े हैं। मिश्र को मुस्लिम और यादव समुदायों का समर्थन मिलने की उम्मीद है, जो इस क्षेत्र में ब्राह्मणों के साथ सबसे अधिक संख्या में हैं।

## न्यूज अपडेट

### 'कट्टा, कटुता और जंगलराज' की राजनीति करने वालों को जनता देगी मुंहतोड़ जवाब : पीयूष गोयल




**पटना:** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि बिहार की जनता अब पूरी तरह जागरूक है और ''कट्टा, कटुता और जंगलराज'' की राजनीति करने वालों को इस बार विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। यहां भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने कहा कि बिहार आगे बढ़ रहा है और इस चुनाव को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जनता समझ चुकी है कि उसे अब 'जंगलराज' नहीं चाहिए, जिसने कभी बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेल दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस सहित विपक्षी दल फिर से बिहार में अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश में हैं, लेकिन जनता अब उनके झूठे वादों में नहीं आने वाली। गोयल ने कहा, 'नीतीश कुमार के सुशासन में बिहार ने तेजी से प्रगति की है। 'डबल इंजन' की सरकार ने लोगों की सेवा और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में उल्लेखनीय काम किया है। देश ने देखा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार किस तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ा है।' उन्होंने कहा, 'लालू यादव की सरकार और नीतीश कुमार की सरकार में अंतर बिहार की जनता भलीभांति जानती है। आज बिहार के लोग उद्यमी बन रहे हैं। राज्य में लगभग चार हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं, जो बिहार की नई ऊर्जा का प्रमाण है।'

### उत्तर प्रदेश के सवर्ण समुदाय राजनीतिक रूप से जागरूक, उन्हें अलग संगठन की जरूरत नहीं: मायावती

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सवर्ण समुदाय राजनीतिक तौर पर काफी जागरूक है और उन्हें पार्टी में जोड़ने के लिए अब अलग से भाईचारा संगठन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समुदाय बसपा में अपना हित सुरक्षित होते हुए देखकर खुद ही पार्टी से जुड़ जायेगा। मायावती ने पार्टी के जनाधार को राजनीतिक जागरुकता एवं सदस्यता आदि के माध्यम से बढ़ाने और बहुजन अस्मिता व सम्मान के मिशन को मजबूत बनाने के क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य की जिला स्तरीय 'पिछड़ा वर्ग समाज भाईचारा संगठन' की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। बसपा सुप्रिमो ने कहा, राज्य में सवर्ण समुदाय राजनीतिक तौर पर काफी जागरूक समाज है और इन्हें पार्टी में जोड़ने के लिए अब अलग से भाईचारा संगठन बनाने की जरूरत नहीं है।

## राजद बिहार में 'जंगलराज' वापस लाना चाहती है, शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देना इसका सबूत: नड्डा

**पटना/सीवान:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अगर सत्ता में आया तो वह बिहार में एक बार फिर ''जंगलराज'' लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि राजद द्वारा दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे को उम्मीदवार बनाना इसका स्पष्ट संकेत है। खराब मौसम के कारण सीवान नहीं पहुंच पाने पर नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'राजद शासनकाल में बिहार ने 'जंगलराज' देखा था। उस समय राज्य में अराजकता फैली हुई थी। कानून-




व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी और अपहरण एक उद्योग बन गया था, जिसका सौदा तत्कालीन मुख्यमंत्री के आवास पर तय होता था।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''सीवान ने शहाबुद्दीन का आतंक झेला है और अब राजद ने विधानसभा चुनाव में उसके बेटे को टिकट देकर एक बार फिर वही भयावह दौर लौटाने का संकेत दिया है। लालू प्रसाद की पार्टी बिहार में जंगलराज वापस लाना चाहती है।'' राजद ने सीवान जिले की रघुनाथपुर सीट से शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को अपना उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने कहा, 'राजद का मतलब है - 'रंगदारी', 'जंगलराज' और 'दादागीरी'।' उन्होंने लोगों से अपील की, ''राजद को वोट न दें, क्योंकि उसके तमाम नेता लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और मीसा भारती सभी जमानत पर हैं।'

# दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा भारत : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र):** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कभी पहचान के संकट के दौर से गुजरने वाला भारत आज दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव नेतृत्व की कार्यपद्धति से आया है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब 1300 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने आठ विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस




अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने कहा, '' 2014 के पहले का भारत पहचान के संकट के दौर से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार व्यवस्था पर हावी था। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान समाप्त हो रहा था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है।' मुख्यमंत्री ने कहा पीएम स्टार्टअप, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने भारत को न केवल नई पहचान दी है बल्कि देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनाने में भी भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री ने देश के विकास और जीवन सुगमता के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 में भी महत्व दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में और सकारात्मक बदलाव लाने में एनईपी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती है, बशर्ते सभी शिक्षण संस्थान इसे समयबद्ध ढंग से लागू करें।

### झारखंड में वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जमशेदपुर/सरायकेला (झारखंड) :** झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलवे कर्मचारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य कुमार चौधरी ने कहा कि देवघर के मूल निवासी रेलवे इंजीनियर मनोज दास (45) की शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिले के सीनी और गम्हरिया स्टेशनों के बीच बीरबांस के पास राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और मृतक कर्मचारी के परिजनों को मुआवजा दे दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह डाउन लाइन पर काम कर रहा था और इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।



### जफर अहमद बने गोरखपुर के अध्यक्ष

**गोरखपुर, समाज्ञा :** निर्भया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश मिश्रा उर्फ बाबाजी ने शुक्रवार को अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान भूतपूर्व प्लेटफार्म इंस्पेक्टर जफर अहमद को गोरखपुर महानगर का अध्यक्ष पर नियुक्त किया। इस मौके पर गोरखपुर के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार राय, संतोष सिंह आदि उप-स्थित थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मेजर जनरल तुषार शर्मा ने सेना की विद्रोही गतिविधियां निरोधक इकाई की कमान संभाली

**श्रीनगर :** मेजर जनरल तुषार शर्मा ने शनिवार को सेना की विद्रोही गतिविधियां निरोधक इकाई किलो फोर्स की कमान संभाल ली। यह इकाई उत्तरी कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियानों को अंजाम देती है। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि मेजर जनरल शर्मा ने उत्तरी कश्मीर में 21वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में इकाई का कार्यभार संभाला है। उन्होंने मेजर जनरल विवेक नारंग का स्थान लिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र मेजर जनरल शर्मा को पहले भी विभिन्न इलाकों कई स्टाफ और कमांड नियुक्तियां मिल चुकी हैं और उन्हें आतंकवाद रोधी अभियानों का व्यापक अनुभव है।

### रेखा गुप्ता पर 'हमला': मजिस्ट्रेट ने मामला सत्र अदालत को सौंपा, सुनवाई 10 नवंबर से शुरू होगी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 20 अगस्त को सिविल लाइंस इलाके में उनके कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान हुए कथित हमले से जुड़े मामले की औपचारिक सुनवाई 10 नवंबर से शुरू होगी। न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्तिक तापड़िया ने शनिवार को मामले को सत्र न्यायालय को सौंप दिया और आगे की कार्यवाही के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की। अदालत ने 18 अक्टूबर को सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई (41) और उसके दोस्त सैयद तहसीन रज़ा के खिलाफ दायर 400 पन्नों के आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या के प्रयास, हमला, एक लोक सेवक को उसके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं।

### 'मानव बम' की धमकी के बाद इंडिगो के विमान का मार्ग बदला गया, मुंबई में सुरक्षित उतरा

**हैदराबाद :** राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (आरजीआईए) हवाई अड्डे पर शनिवार को एक धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि जेद्दा से हैदराबाद जाने वाले इंडिगो के विमान में एक ''मानव बम'' है। इसके बाद विमान का मार्ग बदलकर मुंबई की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उन्हें सुबह करीब 5:30 बजे धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें उन्हें ''हैदराबाद में इंडिगो के विमान को न उतारने'' की चेतावनी दी गई। पुलिस ने कहा कि ईमेल में कहा गया, ''विमान में सवार लिट्टे-आईएसआई के लोगों ने 1984 के मद्रास हवाई अड्डे जैसे एक बड़े विस्फोट की योजना बनाई है।'' इसने बताया कि सभी हितधारकों को सतर्क कर दिया गया और विमान का मार्ग मुंबई हवाई अड्डे की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने कहा कि ''सभी (सुरक्षा) जांच की गई और कोई समस्या नहीं पाई गई।''

### राष्ट्रपति मुर्मू रविवार से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर; कैंची धाम के दर्शन करेंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगी। इस दौरान वह कैंची धाम स्थित नीम करोली बाबा आश्रम भी जाएंगी। राष्ट्रपति भवन ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, मुर्मू रविवार को हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। इसमें कहा गया है, राष्ट्रपति तीन नवंबर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के मौके पर देहरादून में उत्तराखंड विधानसभा को संबोधित करेंगे। बयान के अनुसार, उसी दिन वह नैनीताल में राजभवन की स्थापना के 125 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी हिस्सा लेंगी। इसमें कहा गया है कि चार नवंबर को मुर्मू कैंची धाम स्थित नीम करोली बाबा आश्रम का दौरा करेंगी। बयान में कहा गया है, दिल्ली लौटने से पहले राष्ट्रपति मुर्मू नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

# वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ और भारत का हर कोना नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा : प्रधानमंत्री मोदी

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 सालों में देश में माओवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 125 से घटकर तीन रह गई है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ और भारत का हर कोना इस खतरे से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर 'छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा की सराहना की और कहा कि 25 साल पहले जो बीज बोया गया था, वह अब विकास के 'वट वृक्ष' में बदल गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात की खुशी है कि आज हमारा



प्रधानमंत्री ने 14,260 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

छत्तीसगढ़ नक्सलवाद माओवादी आतंक की बेड़ियों से मुक्त हो रहा है। नक्सलवाद की वजह से 50-55 साल तक आपने जो झेला वह पीड़ा दायक है। आज जो लोग संविधान की किताब का दिखावा करते हैं, जो लोग सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं उन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए आपके साथ दशकों तक अन्याय किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''माओवादी आतंक के कारण लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाके सड़कों से वंचित रहे, बच्चों को स्कूल नहीं मिले, बीमारों को अस्पताल नहीं मिले और जो वहां थे बम से उसे उड़ा दिया जाता था। डॉक्टर को, शिक्षकों को मार दिया जाता था तथा दशकों तक देश पर शासन करने वाले लोग जनता को अपने हाल पर छोड़कर एयर कंडीशन कमरों में बैठकर अपने जीवन का आनंद लेते रहे।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मोदी अपने आदिवासी भाई-बहनों को हिंसा के इस खेल में बर्बाद होने के लिए नहीं छोड़ सकता था। मैं लाखों माता बहनों को अपने बच्चों के लिए रोते हुए नहीं छोड़ सकता था। 2014 में आपने हमें अवसर दिया।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर से जुड़े मादक पदार्थ-आतंकवाद मॉड्यूल के प्रमुख आरोपी को पकड़ा

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े मादक पदार्थ-आतंकवाद मामले में एक कथित प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से गिरफ्तारी से बचता आ रहा कुपवाड़ा के ताड़ करनाह क्षेत्र निवासी आरोपी बशारत अली को श्रीनगर शहर के बेमिना से एसआईए कश्मीर की एक विशेष टीम ने पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि यह मामला लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान प्रायोजित मादक पदार्थ-आतंकवाद मॉड्यूल से संबंधित है, जो सीमा पार से करनाह सेक्टर में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी में संलिप्त रहा है। उन्होंने कहा, ''नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त आय का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया गया।'' अधिकारी ने बताया कि अली इस मामले में गिरफ्तार किया गया चौथा घोषित भगोड़ा है तथा एसआईए को उसकी गिरफ्तारी से प्रकरण में और भी कड़ियाँ उजागर होने की उम्मीद है।

### आय से अधिक संपत्ति मामला: पंजाब के राज्यपाल ने शिअद नेता बिक्रम मजीठिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। पंजाब मंत्रिमंडल ने आठ सितंबर को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन की मंजूरी दे दी थी।

## जम्मू में बिना टिकट यात्रा करने पर 11,000 से अधिक लोगों पर जुर्माना, 67 लाख रुपये वसूले गए

**जम्मू :** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने बिना टिकट यात्रा के खिलाफ एक बड़े अभियान में, पिछले महीने 11,000 से अधिक यात्रियों पर जुर्माना लगाया जिससे 67 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। उन्होंने कहा कि राजस्व हानि को रोकने तथा यात्रा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच अभियान और औचक निरीक्षण किया गया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने कहा, ''सभी वास्तविक रेल उपयोगकर्ताओं को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए, जम्मू मंडल के टिकट-जांच कर्मियों ने अक्टूबर में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए रेलगाड़ियों में और स्टेशनों पर निरंतर अभियान चलाया।'' सिंघल ने कहा, ''इस अभियान के तहत, मंडल जांच कर्मियों और मुख्य टिकट निरीक्षकों ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा के कुल 11,386 मामले पकड़े तथा उनसे 67 लाख रुपये का जुर्माना वसूला।'' इस बीच, जम्मू के मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार ने शनिवार को जम्मू-कटरा रेल खंड का गहन निरीक्षण किया। सिंघल ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी कठोर मौसम की स्थिति से पहले जम्मू-कटरा रेल खंड की परिचालन स्थिति का आकलन करना और भविष्य की विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन करना था।

## नेपाली नागरिक को बर्लिन जाने से रोकने में भारत की कोई भूमिका नहीं: गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** नेपाल की एक नागरिक को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जर्मनी के बर्लिन जाने से रोकने में भारतीय आव्रजन अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी और संबंधित एयरलाइन ने ही यात्री की वीजा वैधता को देखते हुए उसे विमान में नहीं चढ़ने दिया। गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ऐसी सूचना मिली है कि बर्लिन जा रही नेपाली नागरिक शांभवी अधिकारी को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक लिया गया और वापस काठमांडू भेज दिया गया। बयान में कहा गया, ''इस घटना को नेपाली नागरिकों के प्रति पक्षपात/भेदभाव के रूप में गलत तरीके से पेश किया गया। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस पूरे प्रकरण में भारतीय आव्रजन अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं है। यात्री एअर इंडिया की उड़ान से काठमांडू से आई थी और दिल्ली से होकर जा रही थी। बयान में कहा गया कि कतर एयरवेज की उड़ान में चढ़ते समय उसे रोक लिया गया और एयरलाइन ने ही उसके वीजा की वैधता को देखते हुए उसे आगे जर्मनी की यात्रा नहीं करने देने का निर्णय लिया तथा उसे वापस काठमांडू भेज दिया। ऐसे मामले आमतौर पर गंतव्य देश के नियमों/आवश्यकताओं के अनुसार किए जाते हैं। इसके बाद यात्री ने अपनी यात्रा की तारीखें बदल दीं और बाद में काठमांडू से दूसरा रास्ता लेकर (बर्लिन) गई।

### दिल्ली में बीएस-4 से नीचे के वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर रोक

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में बीएस-3 या उससे कम उत्सर्जन मानकों वाले दिल्ली से बाहर पंजीकृत सभी वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू होने के बाद शनिवार को 250 से अधिक वाहनों को दिल्ली की सीमाओं से वापस लौटा दिया गया। दिल्ली की सीमाओं पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की टीम तैनात की गई हैं। दिल्ली यातायात पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 5,325 गैर-गंतव्य वाहनों की जांच की गई और उनमें से 256 को वापस भेज दिया गया। वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र न होने के कारण 1,747 वाहनों को चालान जारी किए गए।

## अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का सदस्य संयुक्त अरब अमीरात से लौटते समय गिरफ्तार: सीबीआई

**नयी दिल्ली :** जापानी नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लौटते समय गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में उसके अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया था, जिसके बाद वह संयुक्त अरब अमीरात भाग गया था। उन्होंने बताया कि द्विबेंदु मोहराणा को भारत लौटते समय भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 28 मई को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 19 स्थानों पर की गई समन्वित तलाशी के दौरान उनका नाम सामने आया था, जिसके बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा स्थित अपने कॉल सेंटर का खुलासा होने के अगले ही दिन मोहराणा भुवनेश्वर से संयुक्त अरब अमीरात भाग गया था। प्रवक्ता ने बताया कि जांच में पता चला कि मोहराणा एक अवैध कॉल सेंटर चला रहा था। इसमें जापानी लोगों को झूठे बहाने से धन हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया जाता था। मोहराणा को ट्रांजिट वारंट पर दिल्ली लाया गया और एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है।

## वंदे मातरम देशभक्ति का मंत्र, राष्ट्र की आत्मा बन गया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को याद करते हुए शनिवार को कहा कि 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा गाये जाने के बाद यह गीत देशभक्ति का मंत्र और राष्ट्र की आत्मा बन गया। होसबाले ने कहा कि इस मंत्र की व्यापकता को इस बात से समझा जा सकता है कि देश के अनेक विद्वानों और महापुरुषों -- महर्षि अरविंद, मैडम भीकाजी कामा, महाकवि सुब्रमण्यम भारती, लाला हरदयाल, लाला लाजपत राय आदि ने अपने पत्र पत्रिकाओं के नाम में वंदे मातरम जोड़ा था। उन्होंने उल्लेख किया कि महात्मा गांधी भी अनेक वर्षों तक अपने पत्रों का समापन वंदे मातरम के साथ करते रहे। होसबाले ने एक वक्तव्य में कहा ''वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र गीत के रचयिता श्रद्धेय बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।'' रवींद्रनाथ टैगोर ने 1875 में रचित इस गीत को 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

## नाबालिग से यौन संबंध बनाकर बाद में शादी करने वाले आरोपी के खिलाफ पॉक्सो का मामला रद्द

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक दुर्लभ मामले में संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उस व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो की कार्यवाही निरस्त कर दी है, जिसने नाबालिग लड़की के साथ यौन संबंध बनाए और बाद में उससे शादी कर ली थी। न्यायालय ने यह भी कहा, ''यह अपराध वासना का नहीं, बल्कि प्रेम का परिणाम था।'' न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए। जी। मसीह की पीठ ने कहा कि पीड़िता (अब पत्नी) ने कहा है कि उसकी शादी उस व्यक्ति (दोषी) के साथ हुई थी और उन दोनों का एक साल का बेटा भी है। वे अब खुशहाल जीवन जी रहे हैं। लड़की के पिता भी चाहते हैं कि उनकी बेटी के पति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही समाप्त हो। पीठ ने कहा, ''हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अपराध केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि समग्र समाज के विरुद्ध है। जब कोई अपराध होता है, तो वह समाज की सामूहिक चेतना को आहत करता है और इसलिए समाज, अपने निर्वाचित सांसदों के माध्यम से, यह निर्धारित करता है कि ऐसे अपराध के लिए क्या दंड होगा और अपराधी के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि उसकी पुनरावृत्ति न हो।'' पीठ ने कहा कि आपराधिक कानून समाज की संप्रभु इच्छा का प्रकटीकरण है, लेकिन ऐसे कानून का क्रियान्वयन व्यावहारिक वास्तविकताओं से अलग नहीं है।

## आरएसएस पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता क्योंकि कोई ऐसा चाहता है : होसबाले



**जबलपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को कहा कि संगठन पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता क्योंकि कोई ऐसा चाहता है। साथ ही कहा कि ऐसी मांग करने वालों को अतीत से सीखना चाहिए। आरएसएस की यहां तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी बैठक के समापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, होसबाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि संघ को प्रतिबंधित कर देना चाहिए। होसबाले ने कहा, ''पहले भी तीन बार ऐसे प्रयास किए गए हैं। तब समाज ने क्या कहा था? अदालत ने क्या कहा था? इन सबके बावजूद संघ का काम बढ़ता रहा। प्रतिबंध लगाने के लिए वैध कारण होने चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि कोई ऐसा चाहता है। भारत की एकता, सुरक्षा और संस्कृति के लिए काम करने वाले संगठन को कोई नेता कहता है कि प्रतिबंधित कर देना चाहिए, तो उसे इसका कारण भी बताना चाहिए।'' संघ नेता ने कहा कि समाज ने आरएसएस को स्वीकार कर लिया है, और ''सरकारी व्यवस्था'' ने भी फैसला सुनाया है कि ऐसे प्रतिबंध गलत थे।

# आंध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, कम से कम 9 लोगों की मौत

**श्रीकाकुलम :** आंध्र प्रदेश के मंदिर में एकादशी के अवसर पर बड़ा हादसा हुआ है। श्रीकाकुलम जिले के कासीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में एकादशी के अवसर पर भारी भीड़ के चलते भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हुई है और कई घायल हुए हैं। श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एक निजी मंदिर है, सरकारी विभाग के अधीन नहीं है। मंदिर की ओर से इतनी बड़ी भीड़ जुटने की अनुमति नहीं ली गई थी। सरकार को इस बारे में सूचित नहीं किया गया था। ये बात भी सामने आई है कि जहां तीर्थयात्री एकत्रित हुए थे, वहां निर्माण कार्य चल रहा था। भगदड़ की एक वजह यह भी हो सकती है। आरटीजीएस मंत्री के रूप में मंत्री लोकेश दुर्घटना की जांच



करवा रहे हैं। मंदिर को खुले हुए अभी केवल चार महीने ही हुए हैं और निर्माण अभी भी पूरा नहीं हुआ है। मंदिर में प्रवेश और निकास का अभी एक ही मांग है। मंदिर की जो स्टील की रेलिंग लगाई गई थी, वह भी टूट गई, इसलिए लोग एक साथ अंदर घुस गए, जिससे भगदड़ मच गई। कासीबुग्गा कस्बे के 80 वर्षीय मुकुंद पांडा ने अपने खेत में भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित ये मंदिर बनवाया है, जिसका मॉडल तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की तर्ज पर है। यह मंदिर इस क्षेत्र में छोटे तिरुपति के नाम से प्रसिद्ध हो गया है। आज कार्तिक एकादशी और शनिवार होने के कारण, भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए थे। श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है।

**जहां-तहां बेसुध पड़े श्रद्धालु**

भगदड़ के बाद मंदिर के अंदर का मंजर रूह कंपाने वाला है। मंदिर के अंदर के कुछ वीडियो सामने आए हैं। इनमें नजर आ रहा है कि लोग बेसुध पड़ हुए हैं। इनमें ज्यादा महिलाएं हैं, जो एकादशी पर पूजा के लिए मंदिर में पहुंची थीं। हालांकि, अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि इस हादसे में कितने लोग मारे गए हैं। एक वीडियो में दो महिला श्रद्धालु मंदिर परिसर में गिरी हुई हैं। कुछ श्रद्धालु सीपीआर देकर उनकी सांसें लौटाने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर परिसर में सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। एक और दिल दहलाने वाले वीडियो में बच्चा बेसुध पड़ा है। एक महिला उसे होश में लाने की कोशिश कर रही है।

## इसरो के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू



**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि 4,000 किलोग्राम से ज़्यादा वज़नी संचार उपग्रह सीएमएस-03 के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार को शुरू हो गई। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि लगभग 4,410 किलोग्राम वज़नी यह उपग्रह भारतीय धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित होने वाला सबसे भारी उपग्रह होगा। यह अंतरिक्ष यान एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसे इसकी भारी भारोत्तोलन क्षमता के लिए 'बाहुबली' नाम दिया गया है। इसरो ने शनिवार को बताया कि प्रक्षेपण यान को पूरी तरह से असेंबल और अंतरिक्ष यान के साथ एकीकृत कर दिया गया है और इसे प्रक्षेपण-पूर्व कार्यों के लिए यहां दूसरे लॉन्च पैड पर ले जाया गया है। बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में, इसरो ने कहा, ''उल्टी गिनती शुरू!! अंतिम तैयारियां पूरी हो गई हैं और एलवीएम3-एम5 (मिशन) के लिए उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई है।'' अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, ''जैसे-जैसे हम प्रक्षेपण के करीब पहुंच रहे हैं, सभी प्रणालियां तैयार हैं।'' इसरो ने कहा कि एलवीएम3 (प्रक्षेपण यान मार्क-3) इसरो का नया प्रक्षेपण यान है और इसका उपयोग 4,000 किलोग्राम के अंतरिक्ष यान को जीटीओ में स्थापित करने के लिए किया जाता है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर हावड़ा में निकलेगी पदयात्रा

**हावड़ा, समाज्ञा :** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार के हावड़ा जिला क्रीड़ा और युवा विभाग की ओर से विशेष पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले की युवा एवं क्रीड़ा अधिकारी अरुणिमा ने जानकारी दी कि यह पदयात्रा 15 नवंबर को उलुबेड़िया के भारत टेक्नोलॉजी कॉलेज से और 16 नवंबर को जगतबल्लभपुर के शोभरानी कॉलेज से निकाली जाएगी। लगभग दो से तीन किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा वर्ग और समाज के प्रमुख नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय क्लबों और सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में देशभक्ति, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश फैलाना है।

## व्यापार की खबरें

### अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली :** जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद त्योहारी खरीदारी के कारण अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। हालांकि यह चालू वित्त वर्ष में अब तक की सबसे धीमी दर है। रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सहित 375 वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुईं थीं। यह नवरात्रि का पहला दिन था और यह समय नए सामान खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। अक्टूबर के जीएसटी संग्रह के आंकड़े त्योहारी सत्र की बिक्री और दबी हुई मांग के प्रभाव को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में दिवाली से पहले जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की थी। इसके बाद उपभोक्ताओं ने जीएसटी दरों में कटौती का इंतजार करते हुए अपनी खरीदारी का फैसला टाल दिया था। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अक्टूबर 2024 के 1.87 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 4.6 प्रतिशत अधिक है। इस साल अगस्त और सितंबर में कर संग्रह क्रमशः 1.86 लाख करोड़ रुपये और 1.89 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम रहा।

### आरबीआई के अनुसार 5,817 करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नोट अभी भी चलन में

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 5,817 करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नोट अभी भी चलन में हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि, ये नोट अभी भी वैध मुद्रा के रूप में बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि चलन में 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 31 अक्टूबर, 2025 तक घटकर 5,817 करोड़ रुपये रह गया है, जो 19 मई, 2023 को 3.56 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई के अनुसार 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2,000 रुपये के 98.37 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में 19 मई, 2023 से 2,000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

### समर्पित मालवाहक गलियारे का रेल परिचालन 2024-25 में 48 प्रतिशत बढ़ा: रेलवे बोर्ड सीईओ

**नयी दिल्ली :** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 में मालगाड़ियों के परिचालन में 48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रेलवे बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और चेयरमैन सतीश कुमार ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में डीएफसीसीआईएल के 20वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान यह बात कही। डीएफसीसीआईएल लगभग 2,750 किलोमीटर लंबे पूर्वी और पश्चिमी गलियारों का प्रबंधन करती है। निगम ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में उसने प्रतिदिन औसतन 381 से अधिक मालगाड़ियों का परिचालन किया, जो इसकी परिचालन दक्षता को दर्शाता है। डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि भारत की कुल लॉजिस्टिक लागत लगभग 24 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है और निगम के परिवर्तनकारी प्रभाव ने लॉजिस्टिक लागत को सकल घरेलू उत्पाद के 14 प्रतिशत से घटाकर लगभग 8-9 प्रतिशत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीएफसीसीआईएल ने एक बयान में कहा, ''समीक्षाधीन अवधि में कुल 1,39,302 ट्रेनों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जो संगठन की बढ़ती विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता का प्रमाण है।'' डीएफसीसीआईएल मार्ग पर देश की सबसे लंबी मालगाड़ी रुद्रराष्ट्र है, जिसकी लंबाई 4.5 किलोमीटर है और जिसमें 354 वैगन और सात लोकोमोटिव हैं।

### कोल इंडिया का उत्पादन अक्टूबर में 9.8 प्रतिशत घटा

**कोलकाता :** देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का अक्टूबर 2025 में उत्पादन सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.64 करोड़ टन रह गया। कंपनी द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर माह के दौरान कोयले का वितरण भी 5.9 प्रतिशत घटकर 5.83 करोड़ टन रह गया। अप्रैल-अक्टूबर 2025 के दौरान कंपनी का संचयी उत्पादन 38.53 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 4.5 प्रतिशत कम है। इस बीच, कोल इंडिया ने सनोज कुमार झा को अंतरिम चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एक नवंबर से प्रभावी हो गई।

### अक्टूबर में बिजली की खपत छह प्रतिशत घटकर 132 अरब यूनिट रही

**नयी दिल्ली :** देश में बिजली की खपत अक्टूबर में छह प्रतिशत घटकर 132 अरब यूनिट रह गई, जो पिछले साल इसी महीने 140.47 अरब यूनिट थी। इसकी मुख्य वजह शीतलन उपकरणों का कम इस्तेमाल है। अक्टूबर में देश के कई हिस्सों में बारिश भी हुई। विशेषज्ञों के अनुसार बिजली की खपत में गिरावट का कारण देश के कुछ हिस्सों में इस महीने हुई बेमौसम बारिश और सर्दियों के मौसम की शुरुआत है। इस वजह से तापमान नियंत्रण में रहा। अक्टूबर के दौरान बिजली की अधिकतम मांग 210.71 गीगावाट रही, जो अक्टूबर 2024 में दर्ज 219.22 गीगावाट से कम है। मई 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। हालांकि इस गर्मी (अप्रैल से) के दौरान जून में बिजली की अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट दर्ज की गई थी।

## अय्यर को अस्पताल से छुट्टी मिली, अब हालत स्थिर: बीसीसीआई

**नयी दिल्ली:** भारत के वनडे उप-कप्तान श्रेयस अय्यर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने के सफल प्रयास के दौरान तिल्ली और पसलियों में चोट लगने के बाद सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'उनकी (अय्यर) हालत स्थिर है और वह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के साथ बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनके स्वास्थ्य लाभ से संतुष्ट है और उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।' इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को 25 अक्टूबर को तीसरे वनडे में हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लेने के दौरान बायीं पसलियों के निचले हिस्से और तिल्ली में चोट लग गई थी और आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। वह फिट होने पर भारत लौट आएंगे, लेकिन कम से कम अगले दो महीने तक वह मैदान से बाहर रहेंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'चोट की तुरंत पहचान कर ली गई और मामूली प्रक्रिया के बाद रक्तस्राव तुरंत बंद कर दिया गया। इसके लिए उनका उचित चिकित्सा प्रबंधन किया गया है।'

## मेस्सी के भारत दौरे में केरल की जगह हैदराबाद शामिल

**कोलकाता:** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 'जीओएटी भारत दौरे 2025' पर हैदराबाद भी जायेंगे जिसे केरल में अर्जेंटीना टीम का प्रस्तावित दोस्ताना मैच रद्द होने के बाद कार्यक्रम में शामिल किया गया है। अर्जेंटीना टीम का कोच्चि में प्रस्तावित दोस्ताना मैच रद्द हो गया है। केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने पहले कहा था कि यह मैच 17 नवंबर को होगा। नये कार्यक्रम के तहत अब मेस्सी देश के चारों कोनों पूर्व (कोलकाता), दक्षिण (हैदराबाद), पश्चिम (मुंबई) और उत्तर (दिल्ली) जायेंगे। इस दौरे के आयोजक सताद्रू दत्ता ने कहा ,'अब वह दक्षिण भारत भी जायेंगे।

# भारतीय टीम से अपने तीसरे फाइनल में खिताबी सूखे को खत्म करने की आस




### हार के गम का अहसास है, जीत की खुशी को महसूस करने का इंतजार है: हरमनप्रीत

**नवी मुंबई:** पहली बार आईसीसी विश्व कप जीतने को आतुर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को यहां कहा कि उन्होंने वैश्विक मंच पर कई बार हार के गम को झेला है लेकिन उनकी टीम रविवार को जीत का स्वाद लेने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है। भारत के सामने रविवार को यहां खेले जाने वाले फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। दोनों टीमों ने कभी आईसीसी खिताब नहीं जीता है लिहाजा महिला क्रिकेट को वनडे प्रारूप का नया चैंपियन मिलना तय है। हरमनप्रीत ने मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हार के बाद क्या भावना होती है वह हमें अच्छी से पता है लेकिन हम जीतने के बाद की खुशी का लुत्फ उठाने का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि कल का दिन हमारे लिए विशेष होगा हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहेंगे। अभी तक काफी कड़ी मेहनत की है। अब यह अपना सब कुछ झोंक देने के बारे में है।' भारत के लिए यह विश्व कप का तीसरा फाइनल है। टीम को इससे पहले 2005 और 2017 के विश्व कप फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। हरमनप्रीत 2017 में भारतीय टीम का हिस्सा थी।

**नवी मुंबई:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे वनडे विश्व कप फाइनल में खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेगी। यह मुकाबला टीम इंडिया के लिए इतिहास रचने का मौका लेकर आया है, क्योंकि इससे पहले मिताली राज की अगुवाई में भारत 2005 और 2017 के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन दोनों बार खिताब से चूक गया। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था, जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर रोमांचक मुकाबले में नौ रन से जीत दर्ज की थी। अब हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम तीसरी बार फाइनल में उतरने जा रही है और देशभर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस ऐतिहासिक मुकाबले पर टिकी हैं। दक्षिण अफ्रीका पहली बार महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है और वह भी अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर। आंकड़ों की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक 33 वनडे मैच खेले गए हैं, जिनमें से 20 में भारत ने जीत दर्ज की है। हालांकि, विश्व कप मुकाबलों में पिछले तीनों बार दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया है। यह वही टीम है जिसे भारत ने 2017 के बाद किसी विश्व कप मैच में नहीं परास्त किया। इतिहास यह भी बताता है कि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने भी अपने तीसरे प्रयास में खिताब जीता था – इंग्लैंड ने 1993 में और न्यूजीलैंड ने 2000 में। ऐसे में भारतीय टीम भी रविवार को उसी राह पर चलते हुए अपनी तीसरी कोशिश में विश्व कप जीतकर नया अध्याय लिखना चाहेगी। पूरे देश की निगाहें नवी मुंबई के इस महामुकाबले पर टिकी हैं, जहां टीम इंडिया से अब सिर्फ एक जीत की दूरी पर है – अपने पहले विश्व कप की।

## रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा




**नयी दिल्ली:** भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी और दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रोहन बोपन्ना ने शनिवार को पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया जिससे एटीपी टूर पर उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। 45 वर्ष के बोपन्ना ने आखिरी बार इस सप्ताह पेरिस मास्टर्स में खेला जिसमे वह कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक के साथ पहले दौर में हार गए। कर्नाटक के कूर्ग के रहने वाले बोपन्ना ने' अलविदा ..लेकिन अंत नहीं ' शीर्षक से अपने भावुक बयान में लिखा, 'आधिकारिक रूप से खेल से विदा ले रहा हूं।' उन्होंने आगे लिखा ,'आप उस चीज से विदा कैसे ले सकते हैं जिसने आपकी जिंदगी को मायने दिये। टूर पर बीस यादगार वर्ष बिताने के बाद अब विदा लेने का समय है।' उन्होंने लिखा, 'भारत के छोटे से शहर कूर्ग से सफर की शुरूआत करने से लेकर, सर्विस दमदार बनाने के लिये लकड़ी के टुकड़े कांटने, स्टेमिना बढाने के लिये कॉफी के बागानों के बीच से जॉगिंग करने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े कोर्ट पर दूधिया रोशनी में अपने सपनों को पूरा करने तक।

## न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला 3 . 0 से जीती

**वेलिंगटन:** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में दो विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड की टीम 222 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 32 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 226 रन बना लिए। जाक फोकेस 14 और ब्लेयर टिकनेर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप रहे और टीम 50 ओवर पूरे नहीं खेल सकी। शीर्ष क्रम के चार विकेट 44 रन पर गिर गए। जोस बटलर ने 38 रन बनाए, जबकि ओवरटन और कार्स ने आठवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

## पंत का नाबाद अर्धशतक, 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए के चार विकेट पर 119 रन



**बेंगलुरु:** कप्तान ऋषभ पंत की संयम से खेली गई नाबाद 64 रन की अर्धशतकीय पारी से भारत ए ने संभलकर खेलते हुए शनिवार को यहां चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ए द्वारा मिले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप तक चार विकेट गंवाकर 119 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह बिना विकेट गंवाए 30 रन से खेलना शुरू किया लेकिन पूरी टीम 199 रन पर सिमट गई जिससे भारत को जीत के लिए 275 रन का लक्ष्य मिला। भारत ए को जीत के लिए अभी 166 रन की दरकार है। स्टंप तक पंत (81 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) के साथ आयुष बडोनी मौजूद थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। अब टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पंत के कंधों पर होगी। दक्षिण अफ्रीका ए के गेंदबाज अपनी रफ्तार और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर रहे थे। विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत इसी समय रजत पाटीदार (28) का साथ निभाने क्रीज पर उतरे। भारत ए ने एक समय 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे जिसमें आयुष म्हात्रे, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल पवेलियन लौट चुके थे। पंत ने अपने अंदाज में गेंदबाजों का सामना करते हुए चौथे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी निभाई। वह क्रीज पर सिर्फ टिके रहने की कोशिश नहीं कर रहे थे बल्कि अपनी टीम को मैच में वापसी कराने के लिए दबदबा बनाना चाहते थे। पंत को 46 रन पर जीवनदान मिला जब तेज गेंदबाज टियान वैन वुरेन की गेंद पर ओकुहले सेले ने फाइन लेग पर उनका आसान कैच छोड़ दिया।

## तीसरा टी20 मैच: हेज़लवुड की अनुपस्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत



**होबार्ट:** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में थोड़ी राहत मिलेगी और वह पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह मिल पाती है या नहीं क्योंकि उनको लगातार बाहर रखने पर सवाल उठने लग गए हैं। सही लंबाई पर गेंद डालने में हेजलवुड की सटीकता और उछाल, भारतीय बल्लेबाजों के लिए दुःस्वप्न बन गई। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलनी है और उसे देखते हुए हेजलवुड को विश्राम दिया गया है। स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे मैच के बाद कहा था, 'यह निश्चित रूप से राहत की बात होगी। मैंने ऐसी गेंदबाजी का सामना पहले कभी नहीं किया।' ऐसी स्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को राहत मिलना स्वाभाविक है और वे जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस या सीन एबॉट जैसे गेंदबाजों का सामना करते समय अधिक आश्वस्त महसूस करेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल दोनों को अतिरिक्त उछाल और अच्छी सीम मूवमेंट वाली गेंदों से निपटने में दिक्कत हो रही है। सूर्यकुमार और गिल ने कैनबरा में बारिश से प्रभावित मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह उसको दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

### टी20 विश्व कप जीतने पर महिला टीम को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि दे सकता है बीसीसीआई

**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगर नवी मुंबई में रविवार को वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच देती है तो बीसीसीआई हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को बड़े नकद पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह की 'समान वेतन' नीति का अनुकरण करते हुए शीर्ष अधिकारी महिला टीम को उतनी ही पुरस्कार राशि देने पर विचार कर रहे हैं जितनी पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को दी गई थी। भारतीय पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था जिससे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की पूरी टीम को उनके प्रदर्शन के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी गई थी।




वर्ष 10, पूर्णांक 3400 अंक 210, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in